RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र


www. bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः86 , रविवार, 10 मई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com




रोजगार मांगने वाले युवाओं को भाजपा सरकार दे रही लाठियां- अखिलेश दयाल 03


अपराध नियंत्रण को लेकर बेतिया में अपराध गोष्ठी आयोजित, गश्ती व गिरफ्तारी ... 04

मानुषी छिल्लर के साथ हिमेश रेशमिया जमाएंगे रंग, शराब का... 07

संक्षिप्त समाचार

## देश के तीसरे सीडीएस होंगे एनएस राजा सुब्रमणि

- रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल की नियुक्ति का हो गया आदेश जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि देश के अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ होंगे। केंद्र ने शनिवार को इसका ऐलान किया। सुब्रमणि रक्षा मामलों के विभाग के सचिव की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। सरकार ने वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। दोनों 31 मई को कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा सीडीएस अनिल चौहान का कार्यकाल 30 मई को खत्म हो रहा है। एनएस राजा



सुब्रमणि देश के तीसरे सीडीएस होंगे। एनएस राजा सुब्रमणि ने दिसंबर 1985 में गढ़वाल राइफल्स से सेना में कमीशन लिया था। उन्होंने नेशनल डिफेंस अकादमी से सैन्य प्रशिक्षण हासिल किया। इसके बाद वे ब्रिटेन के ब्रैकनेल स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज भी गए। भारत लौटने के बाद उन्हें माउंटेन ब्रिगेड में ब्रिगेड मेजर की जिम्मेदारी दी गई। बाद में उन्होंने दिल्ली के नेशनल डिफेंस कॉलेज से पढ़ाई की। उनके पास लंदन के किंग्स कॉलेज से मास्टर ऑफ आर्ट्स और मद्रास यूनिवर्सिटी से डिफेंस स्टडीज में एमफिल की डिग्री भी है। सुब्रमणि वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। यह पद उन्होंने सितंबर 2025 से संभाला हुआ है। इससे पहले उन्होंने जुलाई 2024 से जुलाई 2025 के बीच सेना उप-प्रमुख के रूप में कार्य किया था। 35 साल से ज्यादा लंबे सैन्य करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनल और रणनीतिक पदों पर कार्य किया है।

## टीआरई-4 छात्रों के समर्थन में उतरे राहुल गांधी

- कहा-रोजगार मांगो तो एनडीए सरकार में लाठी ही मिलती है

पटना (एजेंसी)। बिहार में टीआरई-4 शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी करने की मांग को लेकर पटना में छात्रों के प्रदर्शन पर अब सियासत तेज हो गई है। प्रदर्शनकारियों पर की गई पुलिस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर घटना का वीडियो साझा किया है। इसके साथ ही उन्होंने बिहार पुलिस की कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने लिखा कि पटना में अपने रोजगार और



भविष्य की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस ने बेरहमी से लाठीचार्ज किया। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है और इसका सबसे अधिक असर बिहार तथा उत्तर प्रदेश के युवाओं पर पड़ रहा है। लाखों युवा डिग्री और योग्यता होने के बावजूद रोजगार के लिए भटकने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं दिख रही। राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब युवा सड़कों पर उतरते हैं तो उन्हें लाठियां मिलती हैं।

# 'अधिकारी' बंगाल में भाजपा के पहले सीएम

- दिलीप घोष समेत 5 मंत्री बने, गवर्नर ने दिलाई शपथ
- पीएम मोदी का घुटनों के बल बैठकर जनता को प्रणाम

**कोलकाता (एजेंसी)।** सुवेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल में बीजेपी के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद सुवेंदु, पीएम के पास गए और उन्हें झुककर प्रणाम किया। बंगाल के गवर्नर आरएन रवि ने सुवेंदु के अलावा 5 और विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे। शपथ में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एनडीए और बीजेपी शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले मोदी ने मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पीएम ने भाजपा के 98 साल के कार्यकर्ता माखनलाल सरकार का सम्मान किया। मंच पर आते ही प्रधानमंत्री सीधे



सरकार के पास गए, उन्हें शॉल ओढ़ाया और फिर उनके पैर छुए।

**योगी ने सुवेंदु को भगवा गमछा ओढ़ाया-** सुवेंदु अधिकारी ने शपथ लेने के बाद मंच पर मौजूद सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों का अभिवादन किया। इस दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें गेरुआ गमछा ओढ़ाया। पहली बार विधायक बने क्षुदीराम टुडू आदिवासी पोशाक में शपथ लेने पहुंचे। उन्होंने



गले में बीजेपी का गमछा और सिर पर पीला गमछा बांध रखा था। पेशे से शिक्षक रहे क्षुदीराम रानीबांध सीट से पहली बार विधायक बने हैं। पीएम मोदी ने परेड ग्राउंड में रोड शो किया। वे ग्राउंड की एंट्री से मंच तक एक खास रूप से बनाए गए रथ में गए। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक और सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। उस वक्त ग्राउंड पर करीब 1 लाख लोग मौजूद थे।

### पीएम मोदी ने 98 साल के कार्यकर्ता के पैर छुए



शपथ ग्रहण से पहले मंच पर पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल बीजेपी के सबसे बुजुर्ग कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार के पैर छुए। 98 साल के माखनलाल सरकार 1952 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ कश्मीर में तिरंगा फहराने गए थे, जहां आंदोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया था। शपथ समारोह के आखिर में पीएम मोदी ने मंच से परेड ग्राउंड में मौजूद लोगों को धन्यवाद किया। इस दौरान वे घुटनों के बल बैठे और जनता को प्रणाम किया। सुवेंदु अधिकारी ने बांग्ला में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ के बाद वे पीएम के पास गए व झुककर प्रणाम किया।

## यूपी-बिहार में आंधी-पानी का 'आतंक', 9 की मौत

- राजस्थान-एमपी में तापमान 43 डिग्री के पार, भारी गर्मी

**पटना (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान में शुक्रवार को बारिश



के साथ ओले गिरे। वहीं मध्य भारत में फिर से तेज गर्मी पड़ने लगी है। बिहार के पटना समेत 7 जिलों में शुक्रवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। पेड़ और बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 5 मौत राजधानी पटना में हुई। आंधी में 600 से ज्यादा पेड़ भी गिर गए। उत्तर प्रदेश के आगरा और जालौन में बारिश हुई। मऊ में ओले भी गिरे। शनिवार को 17 जिलों में आंधी-बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। राजस्थान का बाड़मेर देश में सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 44.6 दर्ज किया गया। वहीं जैसलमेर और फलोदी में तापमान 44 रहा। मध्य प्रदेश के 13 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। शुक्रवार को रतलाम में पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इधर, गुजरात के अहमदाबाद में तापमान 43.1 डिग्री और महाराष्ट्र के वाशिम में 42.8 डिग्री दर्ज किया गया।

**मध्य प्रदेश के13 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट-** भोपाल, छिंदवाड़ा और रायसेन समेत 20 से ज्यादा जिलो में शुक्रवार को आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। वहीं, दिन में कई जिलों में गर्मी का असर रहा। रतलाम में पारा 43.5 डिग्री पहुंच गया. जबकि शाजापुर में 42.6 के साथ प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। उत्तर प्रदेश के 17 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। इस दौरान 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। पिछले 24 घंटे में आगरा, जालौन, ललितपुर और मऊ में तेज हवा के साथ बारिश हुई।

## एक्टर विजय को 3 दिन बाद मिला वीसीके का समर्थन

- बहुमत के लिए जरूरी 118 विधायक पूरे ,सरकार बनाने का रास्ता साफ

**कांग्रेस को हॉर्स ट्रेडिंग का है अंदेशा, सभी 5 विधायक हैदराबाद शिफ्ट**

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के छठे दिन एक्टर विजय के सरकार बनाने का रास्ता साफ हो गया है। चुनाव में दो सीटें जीतने वाली वीसीके ने 3 दिन के टालमटोल के बाद शनिवार शाम में विजय की टीवीके पार्टी को अपना समर्थन पत्र सौंप दिया है। इसी के साथ टीवीके के पास सरकार बनाने के लिए जरूरी 118 विधायकों की संख्या पूरी हो गई है। वीसीके के समर्थन देने की घोषणा के कुछ



मिनट बाद इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी टीवीके को बिना शर्त अपने एक विधायक का समर्थन देने की घोषणा की। इधर, कांग्रेस ने हॉर्स ट्रेडिंग के डर से अपने पांच विधायकों को हैदराबाद भेज दिया है।

- **विजय लगातार 3 दिन राज्यपाल से मिले-** वीसीके से मौखिक आश्वासन मिलने के चलते एक्टर विजय 5 मई से लगातार 3 दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के पास गए और सरकार बनाने का दावा पेश किया। लेकिन उन्के पास बहुमत पूर नहीं थे। इसलिए हर बार उन्हें वापस लौटना पड़ा था। 5-6 मई को विजय ने 113 विधायकों का समर्थन दिखाया था।

## बिगड़ सकता है घर का बजट, बढ़ेगी महंगाई

- साबुन-बिस्किट से लेकर तेल तक अब सब महंगा होगा
- डाबर ,एचयूएल सहित एफएमसीजी कंपनियां दाम बढ़ाएंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एफएमसीजी सेक्टर की दिग्गज कंपनी डाबर इंडिया ने अपने प्रोडक्ट्स की कीमतें बढ़ाने के संकेत दिए हैं। कंपनी का कहना है कि पैकेजिंग मटेरियल की बढ़ती कीमतों और मिडिल-ईस्ट में तनाव बढ़ने के कारण इनपुट कॉस्ट बढ़ गई है। डाबर के अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले जैसी कंपनियां भी महंगाई के दबाव का सामना कर रही हैं। ऐसे में आपके घर का बजट बिगड़ सकता है और साबुन, तेल, बिस्किट जैसे रोजमर्रा के सामान महंगे हो सकते हैं।

**अगली तिमाही में फिर बढ़ सकती हैं कीमतें-** डाबर इंडिया के ग्लोबल सीईओ मोहित मल्होत्रा के मुताबिक, कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में



कीमतें बढ़ा सकती है। हालांकि, डाबर ने मौजूदा तिमाही में ही कीमतें करीब 4 फीसदी बढ़ाई थीं, लेकिन कच्चे माल की लागत लगातार बढ़ रही है। डाबर का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 15.75 फीसदी बढ़ा है, लेकिन कंपनी का कहना है कि इन्फ्लेशन की चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं।

**मिडिल-ईस्ट तनाव और कच्चे तेल का असर-** कंपनियों की चिंता की सबसे बड़ी वजह पश्चिम एशिया में बढ़ती अस्थिरता है। हाल ही में ईरान और अमेरिका के बीच हुई गोलीबारी ने ऊर्जा आपूर्ति और कच्चे तेल की कीमतों को लेकर डर बढ़ा दिया है।

- **बड़ी कंपनियां कीमत बढ़ाने की तैयारी कर रहीं-** सिर्फ डाबर ही नहीं, बल्कि हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, मैरिको, आईटीसी, ब्रिटानिया और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसी कंपनियों के कमेंटरी से साफ है कि इंडस्ट्री मुश्किल दौर के लिए तैयार हो रही है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट का कहना है कि अगर मानसून औसत से कम रहता है और ग्लोबल हालात नहीं सुधरते, तो घरों के मंथली बिल में अच्छी-खासी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। पिछली तिमाही में मिडिल-ईस्ट संघर्ष और हॉर्मुज रूट के बंद होने का पूरा असर इकोनॉमी पर नहीं दिखा था लेकिन अब इसका असर सप्लाई चेन पर नजर आने लगा है। माल ढुलाई महंगी हो गई है। एफएमसीजी सेक्टर के लिए यह दोहरी मार जैसा है-एक तरफ मांग बढ़ रही है।

## सेवा को लेकर मचे घमासान में कैद हो गए 'भगवान'

**मथुरा (एजेंसी)।** ब्रज के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व रखने वाले ठाकुर श्री हरदेव जी महाराज मंदिर में शुक्रवार रात हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। गोस्वामी समाज के दो गुटों के बीच चल रहे आपसी विवाद के बाद पुलिस ने मंदिर के मुख्य द्वार पर ताला



लटका दिया। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इस वजह से श्रद्धालु मंदिर के अंदर दर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गोस्वामी और स्थानीय लोगों का आरोप है कि गोवर्धन पुलिस ने मंदिर के मुख्य द्वार पर ताला लगवाया है। लोगों का कहना है कि गोस्वामी समाज में चल रहे निजी विवाद में पुलिस ने किस अधिकार से प्राचीन मंदिर के मुख्य दरवाजे को बंद कर दिया है।

# चीन का घमंड चूर-चूर, सहमे बांग्लादेश-पाकिस्तान

- भारत ने 'फोड़' दी दुश्मन के कोने तक मार करने वाली परमाणु मिसाइल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने परमाणु क्षमता वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का पहला परीक्षण कर लिया है। भारत के प्रमुख रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने शुक्रवार शाम ओडिशा के चांदीपुर के पास समुद्री तट से इस अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का पहला परीक्षण किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह परीक्षण अग्नि-6 मिसाइल जैसा नहीं दिखता, लेकिन जिस मिसाइल का टेस्ट किया गया है, वह आईसीबीएम कैटेगरी की है। भारत ने यह परीक्षण कर अपने पड़ोसियों चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश को कड़ा संदेश दे दिया है। खासतौर पर चीन को, जो हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपना दबदबा बढ़ाने की फिराक में रहता है। रिपोर्टों के अनुसार, डीआरडीओ ने बंगाल की खाड़ी में ओडिशा के चांदीपुर के पास एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (व्हीलर द्वीप)



से यह परीक्षण किया गया है। हालांकि, डीआरडीओ ने अभी तक इस आईसीबीएम टेस्ट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। डेटा एनालाइज करने वाली संस्था ने भी सोशल मीडिया एक्स पर बताया है कि भारत ने 8 मई को किस मिसाइल का परीक्षण किया है, यह अभी कंन्फर्म नहीं हो पाया है। हालांकि, रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अग्नि-6 का परीक्षण सफल रहता है तो इसे भारत की रणनीतिक और सैन्य ताकत में बड़ा इजाफा होगा। रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत ने 6 से 9 मई के बीच बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक बड़े हवाई क्षेत्र को प्रतिबंधित करते हुए नोटिस टू एयरमेन जारी किया था। इस परीक्षण में लगभग 3,560 किलोमीटर के नोटम कॉरिडोर का इस्तेमाल किया गया था।

### अमेरिका-रूस, चीन और उत्तर कोरिया के पास आईसीबीएम तकनीक

रिपोर्ट्स के अनुसार, अभी तक केवल चार देशों अमेरिका, रूस, चीन और उत्तर कोरिया के पास ही आईसीबीएम तकनीक है। इन देशों ने 12,000 किलोमीटर से अधिक मारक क्षमता वाली आईसीबीएम तैनात की हैं। फ्रांस और ब्रिटेन के पास परमाणु हथियारों से लैस पनडुब्बी से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक है। यदि भारत आईसीबीएम क्षमता को पूरा कर लेता है, तो अमेरिका-चीन समेत कोई भी देश उसकी मिसाइल हमले की जद में आ जाएगा। हाल ही में डीआरडीओ के प्रमुख समीर वी कामथ ने अग्नि-6 के बारे में कहा था-जैसे ही सरकार अनुमति देगी, हम आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार तो हैं, मगर वह आईसीबीएम के बजाय मध्यम दूरी की मिसाइलों पर ध्यान दे रहा है।


### 31 देशों में से 9 के पास केवल परमाणु हथियार

31 देशों में से केवल नौ (चीन, फ्रांस, भारत, इज़राइल, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान, रूस, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका) के पास परमाणु हथियार होने की जानकारी है या संदेह है। इन नौ देशों और ईरान ने 1,000 किलोमीटर से अधिक मारक क्षमता वाली मिसाइलों का उत्पादन या परीक्षण किया है। चीन और रूस ही ऐसे दो देश हैं जो अमेरिका के सहयोगी नहीं हैं, लेकिन जिनके पास अपने क्षेत्र से महाद्वीपीय अमेरिका पर हमला करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलें दागने की सिद्ध क्षमता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत का आईसीबीएम मिसाइल का परीक्षण करना बेहद अहम है। दरअसल, भारत को अपने करीबी पड़ोसियों जैसे पाकिस्तान-बांग्लादेश और चीन के साथ सीमा विवाद अरसे से है। जब-तब तनाव की स्थिति आ जाती है।

## ईडी रेड के बाद पंजाब के मंत्री अरोरा गिरफ्तार

### अरोड़ा पर 100 करोड़ की फर्जी खरीद का है आरोप

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा पर शनिवार को ईडी ने रेड की। सूत्रों के अनुसार, रेड के वक्त वह चंडीगढ़ में अपनी सरकारी कोठी पर ही थे, यहां से उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। रेड चंडीगढ़ में उनके सरकारी घर, दिल्ली और गुरुग्राम के ठिकानों में हुई है। चंडीगढ़ के सेक्टर-2 में ईडी टीम की 15 गाड़ियां एक साथ पहुंची और पूरा घर घेर लिया। इसके बाद बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात कर दिए गए। किसी को भी घर के अंदर जाने या बाहर आने की अनुमति नहीं दी जा रही है। संजीव अरोड़ा पर साल में तीसरी और महीने में दूसरी बार ईडी ने रेड की है। ईडी सोर्सेज के मुताबिक 4 ठिकानों पर सर्च



ऑपरेशन चल रहा है। इसमें सरकारी घर के साथ हैंपटन स्काई रियलिटी लिमिटेड के ऑफिस पर भी रेड हुई है। अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मोदी राज में एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। पंजाब के लोगों के साथ पीएम मोदी धोखा कर रहे हैं। ईडी को पार्टी तोड़ने में लगाया है, किसी मनी लॉन्ड्रिंग को पकड़ने के लिए नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर गांव में करंट लगने से बुजुर्ग की मौत, भैंस चराते समय हुआ हादसा

**पटना**। पटना में फतुहा प्रखंड के हाजीपुर गाँव में शनिवार को एक 60 वर्षीय व्यक्ति की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हाजीपुर गाँव निवासी सबल राय के रूप में हुई है। यह हादसा खेत में लगे लोहे के तार में करंट प्रवाहित होने के कारण हुआ। जानकारी के अनुसार, सबल राय शनिवार दोपहर अपनी भैंसों को चराने के लिए गाँव के बाहर खेत की ओर गए थे। भैंस चराते समय वे खेत में लगे लोहे के तार की चपेट में आ गए। तार में बिजली का करंट प्रवाहित हो रहा था, जिससे उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र राहुल कुमार ने बताया कि उनके पिता घर से सकुशल निकले थे। उन्होंने आरोप लगाया कि खेत मालिक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ, क्योंकि दिन के समय खेत के तार में करंट प्रवाहित हो रहा था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीण शव को लेकर फतुहा थाना पहुँचे। उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी और उचित मुआवजे की माँग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कागजी कार्रवाई शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है।

### जयमाला से पहले दुल्हन की मौत, प्रेमी ने भी खाया जहर, मुजफ्फरपुर से आई बारात लौटी खाली

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के कटहरा थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब जयमाल से ठीक पहले दुल्हन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि दुल्हन और उसके प्रेमी ने कथित तौर पर जहर खा लिया था। मुजफ्फरपुर से बारात गांव पहुंची थी और जयमाल की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान दुल्हन स्टेज पर अचानक गिर पड़ी। शुरुआत में वधू पक्ष के लोगों ने इसे ब्लड प्रेशर कम होने का मामला बताया और स्थिति को संभालने की कोशिश की। हालांकि, रात बढ़ने के साथ मामला गंभीर होता चला गया। दूल्हा पूरी रात दुल्हन के ठीक होने का इंतजार करता रहा, लेकिन देर रात दुल्हन की मौत की खबर सामने आई। इसके बाद बारात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई। बताया जा रहा है कि दुल्हन का प्रेमी भी उसी गांव का है और उसने भी जहर खाया था। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और परिवार वाले उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करवा रहे हैं। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वधू पक्ष और वर पक्ष के बीच विवाद और मारपीट की भी चर्चा है। मामले को लेकर एक पंचायत भी बुलाई गई थी, जिसमें प्रेमी पक्ष पर आर्थिक दंड लगाने का फैसला किया गया है। स्थानीय थाना पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में अब तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच की जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

### रेलवे ट्रैक के पास सिग्नल पर मिला इंटरनेट प्रोटोकॉल कैमरा

**हाजीपुर**। वैशाली में रेलवे ट्रैक के पास लगे सिग्नल टावर पर एक संदिग्ध इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) कैमरा मिला है। मामला हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर सराय स्टेशन के पास समपार ढाला संख्या-43 सी स्पेशल की है। इस कैमरे का इस्तेमाल आतंकी नेटवर्क द्वारा रेलवे ट्रैक और सड़क की निगरानी के लिए किया जा रहा था। इस मामले की जांच के लिए ATS (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) और STF (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीमें जुट गई हैं। यह कैमरा सोलर एनर्जी से ऑपरेट हो रहा था और इसे इंटरनेट के माध्यम से कंट्रोल किया जा रहा था। गुमटीमैन द्वारा दी गई सूचना के बाद जब कैमरे की जांच की गई, तो कई



सनसनीखेज जानकारियां सामने आईं। यह कैमरा इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) टेक्नोलॉजी पर आधारित है और अंधेरे में भी क्लियर रिकॉर्डिंग करने में सक्षम है। जांच के दौरान कैमरे में आतंकी यासीन भटकल की तस्वीर मिलने की बात सामने आई है। इसके IP एड्रेस की पड़ताल से कर्नाटक के तटीय क्षेत्र से पाकिस्तान कनेक्शन वाले आतंकी नेटवर्क द्वारा इसकी मॉनिटरिंग किए जाने का खुलासा हुआ है। घटना से एक दिन पहले, एक हरियाणवी बोलने वाला संदिग्ध युवक समपार फाटक पर पहुंचा था। उसने खुद को एक NGO से जुड़ा बताया और सिग्नल टावर पर यह कैमरा फिट करके चला गया। गुमटीमैन को शक होने पर उसने तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचित किया। सराय स्टेशन के स्टेशन मास्टर मनोज कुमार के बयान पर प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गई और मुख्यालय को घटना की सूचना दी गई। शुक्रवार देर शाम एटीएस की तीन सदस्यीय टीम और एसटीएफ जांच के लिए मौके पर पहुंची। पूर्व मध्य रेल के आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार और रेल एसपी बीणा कुमारी को भी पूरी घटना से अवगत कराया गया है। शुरुआत में RPF ने मामला GRP हाजीपुर और मुजफ्फरपुर को भेजा था।

### आईटीबीपी जवान ने सर्विस पिस्टल से भाई को मारी गोली

**हाजीपुर**। वैशाली में एक किराना दुकानदार को गोली मारी गई है, उसकी हालत गंभीर है। घटना हाजीपुर के नगर थाना क्षेत्र के आरएन कॉलेज के पास हुई। घायल की पहचान महनार के निवासी जितेंद्र सिंह (40) के तौर पर हुई है, जो आरएन कॉलेज के पास किराए के मकान में किराने की दुकान चलाते हैं। जितेंद्र सिंह को उनके ममेरे भाई और ITBP जवान रोहित सिंह उर्फ शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपनी सर्विस पिस्टल से गोली मारी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी रोहित सिंह ने जितेंद्र को अपने घर बुलाया था और निजी विवाद में फायरिंग की। आरोपी जवान का कहना है कि उनकी पत्नी से जितेंद्र सिंह का पुराना अफेयर है। दोनों के शादी से पहले से संबंध रहे हैं। मुझे शादी के बाद इसका पता चला। जितेंद्र सिंह को 3 गोलियां लगी, जिनमें से दो उनके हाथ में और एक सीने में लगी। उन्हें तुरंत इलाज के लिए PMCH रेफर किया गया है। घटना के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई है। नगर थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित सिंह उर्फ शैलेंद्र कुमार सिंह को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर ली है। रोहित सिंह सहदेई थाना क्षेत्र का निवासी है। आरोपी जवान का कहना है कि उनकी पत्नी का ममेरे भाई से पुराना संबंध है। 'दोनों का शादी से पहले से अफेयर था, जो आज भी है। शादी के समय मुझे इस बात की भनक नहीं थी। कुछ दिन पहले ही पता चला, उसके बाद मैंने विरोध जताया। ये सब सुनकर मेरा दिमाग पहले से खराब था। कुछ दिन पहले भी इसे लेकर जितेंद्र सिंह को मैंने समझाया था। उसे पत्नी से दूर रहने को कहा था।'

### वैशाली में तेज आंधी-बारिश से 2 की मौत

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों पेड़ गिरने और फसलों के चौपट होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पहली घटना बिदुपुर के दाउदनगर मठखनवा गांव में हुई। यहां 70 वर्षीय राम प्रवेश चौधरी पर आसमानी बिजली गिरी, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र अभिनाश कुमार ने बताया कि उनके पिता आंधी-बारिश के बाद आम के बगीचे में पेड़ देखने गए थे। बारिश तेज होने पर वह मचान पर बैठ गए, तभी बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें बिदुपुर सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना चांदपुरा गांव में सामने आई। यहां 9 वर्षीय निशांत कुमार (पिता सिनोद पासवान) आम के बगीचे में खेल रहे थे। तेज हवा और बारिश के दौरान ठनका गिरने से उनकी मौत हो गई। बच्चे को तुरंत हाजीपुर सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। तेज हवा और बारिश से दर्जनों स्थानों पर पेड़ उखड़कर गिर गए। बाजार की कई दुकानों के शेड भी उड़ गए। गिरे पेड़ों के कारण कई मार्गों पर यातायात बाधित हो गया। चकसिकंदर शिव मंदिर के पास सड़क, रजासन में एक दुकान पर, बिदुपुर थाने में जब्त वाहन पर, मयाराम हाट रोड, रामदौली गंगा घाट रोड और बिदुपुर आरएस रोड सहित कई प्रमुख स्थानों पर पेड़ गिरे। इसके अतिरिक्त, केले की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं।

# पटना में 200 पेड़ गिरे, रोड ब्लॉक, आज 20 जिलों में अलर्ट

एजेंसी, पटना

बिहार में पिछले 10 दिनों से तेज आंधी और बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को पटना में 135Kmph की रफ्तार से चली आंधी और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा में पेड़ गिरने और ठनका गिरने से राज्यभर में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें सबसे अधिक 4 मौतें राजधानी पटना में हुईं। पटना में शुक्रवार को महज 30 मिनट की बारिश और तूफान ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। राजधानी में 200 से अधिक, जबकि जिलेभर में 600 से ज्यादा पेड़ गिर गए। तेज आंधी के कारण 50 से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सड़कों पर पेड़ और होर्डिंग गिरने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। हालात ऐसे थे कि दो किलोमीटर की दूरी तय करने में लोगों को डेढ़ घंटे तक का



समय लगा। देर रात तक शहर के कई इलाकों में जाम की स्थिति बनी रही। जाम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी फंस गए, जिसके बाद उन्हें कार छोड़कर बाइक से जाना पड़ा। मौसम विभाग ने शनिवार को पटना समेत 20 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 11 मई तक राज्य में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। इसके बाद मौसम सामान्य होने की संभावना है।

**पटना में 4 की मौतः** पटना के गर्दनीबाग में पेड़ गिरने से 30 साल के अभय कुमार की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे में एक टाटा पंच कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, पटना गोल्फ क्लब के सामने पेड़ गिरने से समनपुरा निवासी 20 साल के मो. इरफान की मौत हो गई। नेउरा स्थित कुम्हार टोली में ठनका गिरने से 15 साल के एक बच्चे की जान चली गई। IPS मेस के पास पेड़ के नीचे दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मंदिरी में पेड़ गिरने से 58 साल के सतीश राम घायल हो गए। आर ब्लॉक स्थित स्लम बस्ती में नित्यानंद पंडित घायल हो गए। उधर, पटेल गोलंबर पर चलती कार पर अचानक पेड़ गिर गया, जिससे चालक बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस ने चालक को कार से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया।

**चिड़ियाघर में विजिटर्स की इंट्री रोकी, बापू टावर तीन दिन बंदः** चिड़ियाघर में आंधी-पानी के दौरान 30 से अधिक पेड़ गिरे हैं। इस वजह से शनिवार को पटना जू में विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। 52 साल में पहली बार आंधी-बारिश के बाद पटना जू बंद कर दिया गया है। रविवार से विजिटर्स सैर कर सकेंगे। उधर, बापू टावर को तीन दिनों के लिए आम दर्शकों के लिए बंद कर दिया गया है। आंधी की वजह से परिसर में पेड़ गिर गए हैं। टावर के बाहरी हिस्से को भी नुकसान पहुंचा है। दर्शकों की सुरक्षा और मरम्मत के काम को देखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

## प्रॉपर्टी टैक्स पर 40 लाख की बचत, एक महीने में निगम को मिले 11 करोड़ रेवेन्यू

### 35 हजार से ज्यादा लोगों ने उठाया फायदा



एजेंसी, पटना

पटना नगर निगम अभी प्रॉपर्टी टैक्स के भुगतान पर मूल कर राशि में 5 प्रतिशत की छूट दे रही है। 1 अप्रैल से 7 मई 2026 के बीच कुल 35948 संपत्तिधारकों ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा कर लगभग 40.11 लाख रुपये की बचत की है। इस दौरान पटना नगर निगम को करीब 11 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स रेवन्यू के रूप में प्राप्त हुआ है। बिहार नगरपालिका संपत्ति कर नियमावली, 2013 के तहत ये छुट दी जा रही है।

**ऑनलाइन भुगतान को मिल रही प्राथमिकताः** वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने वाले करीब 60 प्रतिशत करदाताओं ने ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग किया है। करदाता पटना नगर निगम पोर्टल के अलावा अधिकृत यूपीआई ऐप्स जैसे पेटीएम, भीम और गूगल-पे के जरिए भी भुगतान कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त नगर निगम मुख्यालय और सभी अंचल कार्यालयों में चेक, डिमांड ड्राफ्ट और नकद माध्यम से भी कर जमा किया जा सकता है।

**30 जून तक मिलेगी 5 प्रतिशत की छूटः** पिछले साल 1 अप्रैल 2025 से 7 मई 2025 तक करीब 47 हजार होल्डिंग्स से लगभग 13 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त हुआ था। इस साल लोगों को रियायत का लाभ दिलाने के लिए निगम के काउंटर हर दिन सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक खुले रह रहे हैं। निगम द्वारा बड़े बकायेदारों को शॉर्ट मैसेज सर्विस (SMS) के माध्यम से समय पर टैक्स भुगतान करने और छूट का लाभ उठाने की अपील की जा रही है।

## आईआईटी पटना कैंपस में बीटेक छात्र की मौत

एजेंसी, पटना

पटना के बिहटा स्थित आईआईटी पटना कैंपस में एक बीटेक छात्र का शव मिला है। मृतक की पहचान तेलंगाना निवासी हर्षित कुमार (22) के रूप में हुई है, जो बीटेक चौथे वर्ष का छात्र था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। इस घटना पर आईआईटी प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

यह घटना शनिवार सुबह आईआईटी कैंपस में सामने आई, जब लोगों ने एक युवक का शव देखा। इसके बाद आनन-फानन में स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया। पुलिस टीम के पहुंचने के बाद पटना



की एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। प्रथम दृष्टया, युवक की मौत का कारण करंट लगना बताया जा रहा है। इसी पोल में करंट होने और संपर्क में आने से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को तेज आंधी और बारिश हुई थी। आशंका है कि हर्षित कुमार सुबह टहलने के लिए निकला था। तभी उसे करंट लग गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना को लेकर आईआईटी थाना के थानाप्रभारी रोशन कुमार राज ने बताया कि, फिलहाल घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

## पटना-नशीले इंजेक्शन, पिस्टल के साथ 10 बदमाश गिरफ्तार, ई-रिक्शा से घूम-घूमकर बेचते थे सुई

एजेंसी, पटना

पटना पूर्वी इलाके के सुल्तानगंज, मालसलामी और अगमकुआं थाना क्षेत्र से नशे के इंजेक्शन और चोरी की बाइक के साथ 10 अपराधी पकड़े गए हैं। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया, सुल्तानगंज थाने को सूचना मिली कि ई-रिक्शा पर घूम-घूमकर नशीली सुई बेची जा रही है। इस सूचना के आधार पर ग़रहुआ टोला के पास ई-रिक्शा को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान राहुल कुमार, विक्की कुमार को नशीली सुई के साथ पकड़ा गया। इन दोनों से पूछताछ के आधार पर मलेरिया ऑफिस के पास स्थित मॉल 99 के सामने से सूर्य उर्फ अभिषेक और विशाल को नशीली सुई के साथ अरेस्ट किया गया। इन लोगों से पूछताछ के आधार पर पीरबहोर



इलाके से अफजल और मोहम्मद राजू को एक पिस्टल और 4 राउंड जिंदा कारतूस, नशे की सुई 28760 कैश के साथ गिरफ्तार किया गया।

इनके पास से कुल 340 पीस एविल इंजेक्शन, बुप्रेनोरफिन हाइड्रोक्लोराइड 117 पीस, एक ई-रिक्शा, 19 स्मार्टफोन, 13 कीपैड, 29420 रुपए कैश मिले हैं। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि इन लोगों के द्वारा मोबाइल फोन लेकर भी नशे के इंजेक्शन वगैरह प्रोवाइड करा दिए जाते थे।

**8 चोरी की बाइक भी मिलीः**

**हथियार-कारतूस के साथ 8 चोरी की गाड़ियां भी जब्त**

पूर्वी एसपी ने बताया, अगमकुआं और मालसलामी इलाके से बाइक के साथ 4 अपराधी पकड़े गए हैं। पकड़े गए अपराधियों के नाम मोहम्मद अफरीदी, राहुल कुमार, ओम कुमार और छोटू कुमार ठठेरा है। उनके पास से एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल, 7 स्कूटी, 3 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। मो.अफरीदी के अगमकुआं, आलमगंज में 4 आपराधिक इतिहास पाए गए हैं। राहुल कुमार के खाजेकला और अगमकुआं में 2 अपराधी के इतिहास मिले हैं। छोटू कुमार ठठेरा का मालसलामी में एक अपराधी के इतिहास मिला है। ओमप्रकाश का चौक थाना में एक आपराधिक इतिहास मिला है।

## राहुल बोले- बेरोजगार युवाओं को बीजेपी का जवाब- लाठी, टीआरई-4 को लेकर प्रदर्शन

एजेंसी, पटना

TRE-4 वैकेंसी की मांग को लेकर कल कैंडिडेट्स ने पटना में प्रदर्शन किया। पुलिस के लाठीचार्ज में कई लोग घायल हैं। आज पुलिस ने छात्र नेता दिलीप को रस्सी से बांधकर पुलिस जेल ले गई है। गांधी मैदान थानेदार अखिलेश मिश्रा ने बताया, प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर भीड़ को उकसाने का आरोप है। 5000 लोगों के ऊपर FIR दर्ज की गई है।

इससे पहले पुलिस छात्र नेता को गर्दनीबाग हॉस्पिटल लेकर पहुंची, जहां उनका मेडिकल कराया गया। उन्होंने कहा, हम लोगों ने सिर्फ नौकरी मांगी थी। ये हमें जेल भेज रहे हैं। गांधी मैदान थाने में पुलिस ने मजिस्ट्रेट के बयान के आधार पर अभ्यर्थियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अभ्यर्थियों पर ट्रैफिक बाधित करने, विधि-व्यवस्था भंग करने और पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने X पर पुलिस के लाठीचार्ज का वीडियो शेयर कर लिखा- अपने रोजगार का हक मांगते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों को बिहार पुलिस ने बेरहमी से पीटा। फिर से बेरोजगार युवाओं को BJP का जवाब - लाठी। भारत का युवा BJP के झूठ से तंग आ चुका है। वो अब चुप नहीं बैठेगा। कांग्रेस उनके साथ हर मोड़ पर खड़ी है।



पटना में शुक्रवार को TRE-4 कैंडिडेट्स पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था। कैंडिडेट्स को सड़कों पर दौड़ा-दौड़कर पीटा गया। इस दौरान कई के सिर फटे। महिला कैंडिडेट को पुलिस वालों ने पैरों से कुचला। कैंडिडेट्स ने कहा, हम आने वाले भविष्य के टीचर हैं। ये लोग हमें गुंडा समझ कर पीट रहे हैं। लाठीचार्ज के बाद सड़कों पर कैंडिडेट्स की चप्पलें बिखरी दिखीं। एक कैंडिडेट के कपड़े सीने तक खून से सने थे। लाठीचार्ज के बाद कैंडिडेट्स ने आधे कपड़े उतार दिए और सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। बारिश के बीच अभ्यर्थी सड़क पर डटे थे। हालांकि, 7 घंटे बाद पुलिस ने जेपी गोलंबर से सभी कैंडिडेट्स को खदेड़ कर भगा दिया। इसके बाद अभ्यर्थी प्रदर्शन खत्म कर चले गए।

## राजेश राम बोले- सड़कों पर लाठियां खा रहे आम लोगों के बेटे, नीतीश कुमार पर साधा निशाना

एजेंसी, पटना

TRE 4 अभ्यर्थियों पर कल लाठीचार्ज हुआ था। इसपर बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कई मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र आज मंत्री बने हैं। उन्हें बेरोजगार देखकर रोजगार दे दिया। मगर बिहार के नौजवानों को रोड पर पीट-पीटकर घायल कर दिया गया। TRE 4 अभ्यर्थियों का अप्वॉइंट करने के लिए सरकार की ओर से तारीख पर तारीख दिए जा रहे थे। मगर सरकार गाय का सींग बैल में और बैल का सींग गाय में लगाने में लगे हुए थे। राहुल गांधी ने भी इसे गंभीरता से लिया है।

**सरकार के पुत्रों को मंत्री बनाकर मिला रोजगारः** राजेश राम ने आगे कहा कि हम सभी कांग्रेसियों अभ्यर्थियों के साथ खड़े हैं। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस चीज को गंभीरता से लेते हुए आने वाले समय में आंदोलन के रूप में लेगी। हर कोई जो मंत्री बने हैं, उनके पुत्र बेरोजगार थे। परिवारवादियों के 13 मंत्री बनाए गए हैं। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि सरकार ने अपने पुत्रों को रोजगार तो दे दिया लेकिन हमारे TRE 4 बच्चों को भी रोजगार दें। यह सरकार दमनकारी नीति से चलती है, जो सच बोलेगा जो सरकार के खिलाफ बोलेगा उन सभी को सरकार दबाएगी, चाहे वह मीडिया हो या फिर कोई राजनीतिक पार्टी हो। अगर मीडिया वाले खुलकर लिखेंगे उनपर भी केस होगा। मैं सरकार को यह




कहना चाहता हूं कि जिस जनता पर आज आप लाठी बरसा रहे हैं वह आगे आने वाले समय में चुनौती के रूप में खड़ी रहेगी।

**नीतीश कुमार को लेकर कहा-क्या से क्या हो गया देखते देखतेः** बिहार सरकार के कैबिनेट विस्तार के दौरान शपथ ग्रहण समारोह के दिन मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीएम की कुर्सी ढूंढते हुए नजर आए थे। इसपर राजेश राम ने गाना गाते हुए कहा कि क्या से क्या हो गए देखते देखते। यही चीज पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हो गया है कि आज उन्हें अपनी कुर्सी खोजनी पड़ रही है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि अभी स्थिति नियंत्रण में है लेकिन जिस समय फूट पड़ेगा तो जेडीयू टूटकर कितने टुकड़ों में गिरेगी यह आने वाला समय ही बताएगा।

## रेलवे स्टेशन पर अवैध सीसीटीवी कैमरा मिला, आतंकी कनेक्शन की चर्चा

एजेंसी, मुजफ्फरपुर

समस्तीपुर रेल मंडल के सराय रेलवे स्टेशन स्थित फाटक संख्या-43 पर संदिग्ध परिस्थितियों में अवैध CCTV कैमरा मिला है। इससे रेलवे प्रशासन और आरपीएफ महकमे में हड़कंप मच गया है। बिना अनुमति लगाए गए इस कैमरे को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कैमरे को आतंकी कनेक्शन से भी जोड़कर देखा जा रहा है। चर्चा है कि इस कैमरे की सीधे पाकिस्तान से मॉनिटरिंग की जा रही थी। इसको लेकर एटीएस को भी इसकी जानकारी दी गई है।

मामला 7 मई 2026 का है। सराय रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने जानकारी दी। इनके अनुसार, दोपहर करीब 2 बजे समपार फाटक संख्या-43 SPL पर ड्यूटी कर रहे गेटमैन



संतोष कुमार ने सूचना दी। उन्होंने बताया कि दो अज्ञात लोग पश्चिमी हाइट गेज पोल पर एक CCTV कैमरा लगाकर वहां से फरार हो गए हैं। सूचना मिलते ही स्टेशन अधीक्षक ने इसकी जानकारी सराय कैंपिंग ड्यूटी में तैनात आरपीएफ प्रधान आरक्षी अवधेश राम को दी। दोनों जब मौके पर पहुंचे, तो देखा कि फाटक के पश्चिमी पोल पर करीब 10 फीट की ऊंचाई पर एक छोटा कैमरा और सोलर प्लेट लगाया गया था।

## मंत्री दिलीप जायसवाल की भ्रष्ट अधिकारियों, जमीन माफियाओं को चेतावनी, बोले- गलत करने वाले जाएंगे जेल

एजेंसी, पटना

बिहार सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कल ही अपने विभाग का पदभार ग्रहण किया। जिसके बाद आज विभागीय अधिकारियों और जमीन माफियाओं को लेकर बेहद सख्त तेवर दिखाए। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि राजस्व विभाग के अंदर जो भी चुनौतियां हैं, उन्हें अवसर में बदलकर व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा।

**दिलीप जायसवाल बोले- गलत करने वाले जेल जाएंगेः** मंत्री दिलीप जायसवाल ने कड़े अंदाज में कहा कि, 'सरकार की प्राथमिकता आम जनता को जमीन से जुड़े मामलों में त्वरित और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराना है।'



उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि, 'जनता के प्रति जवाबदेही तय की जाएगी और लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे।' दिलीप जायसवाल ने कहा कि, 'सरकार अब राजस्व व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। अब जमीन से संबंधित लगभग सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से उपलब्ध हैं और किसी भी प्रकार की हेराफेरी की संभावना कम हो गई है।'

**बड़े अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी- राजस्व मंत्रीः** राजस्व मंत्री ने बताया कि, 'सरकार चाहती है कि राजस्व विभाग जनता के लिए भरोसेमंद विभाग बने और लोगों को पारदर्शी व्यवस्था का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि, 'हाल ही में विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जमीन विवाद, दाखिल-खारिज, म्यूटेशन और अतिक्रमण जैसे मामलों में तेजी से कार्रवाई हो। साथ ही जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।' परिवारवाद के सवाल पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि, 'परिवारवाद का असली मतलब वही है, जहां किसी बड़े नेता का बेटा सीधे सर्वोच्च पद पर पहुंच जाए। परिवारवाद उसे कहते हैं, जब प्रधानमंत्री का बेटा प्रधानमंत्री बन जाए, मुख्यमंत्री का बेटा मुख्यमंत्री बन जाए। जैसे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव। राजस्व मंत्री ने निशांत कुमार का बचाव करते हुए कहा कि, 'निशांत कुमार अभी राजनीति में नए हैं और संगठन व पार्टी के माध्यम से काम कर रहे हैं। निशांत कुमार अभी-अभी राजनीति में आए हैं। संगठन में हैं, पार्टी में हैं, मंत्री बने हैं और आगे बेहतर काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि, 'विपक्ष को परिवारवाद पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि देश और राज्य की राजनीति में सबसे ज्यादा परिवारवाद विपक्षी दलों में ही देखने को मिलता है।'

## संक्षिप्त समाचार

### मोतिहारी को मिलेगा आधुनिक सभागार की सौगात, सम्राट अशोक भवन बनेगा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का नया केंद्र



**बीएनएम @ मोतिहारी।** मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नवीन सभागार "सम्राट अशोक भवन" का निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। यह भवन जिले के सार्वजनिक जीवन में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में स्थापित होगा तथा भविष्य में विभिन्न वर्गों के नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी संसाधन सिद्ध होगा। नगर निगम द्वारा निर्मित यह बहुउद्देशीय सभागार आम नागरिकों, विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सांस्कृतिक संगठनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अभिकल्पित किया गया है। भवन में शैक्षणिक कार्यक्रम, संगोष्ठियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, सामुदायिक बैठकें, सम्मान समारोह एवं अन्य सार्वजनिक आयोजन सुगमता से सम्पन्न कराए जा सकेंगे। सम्राट अशोक भवन आधुनिक सुविधाओं एवं सुव्यवस्थित आधारभूत संरचना से सुसज्जित होगा। भवन परिसर में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे आगंतुकों को सुविधा प्राप्त होगी। मोतिहारी नगर निगम का यह प्रयास नगर के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। यह भवन आने वाले समय में शहर की सांस्कृतिक पहचान एवं सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

### अग्निकांड मामले में प्रशासन ने दिखाई तत्परता, पीड़ित परिवारों को मिली तत्काल सहायता

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण जिले के ढाका अनुमंडल अंतर्गत बड़हरवा फतेहपुर गांव में शुक्रवार देर रात हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। रात करीब एक बजे शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे एक आवासीय भवन पूरी तरह चपेट में आ गया। हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी, ढाका के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग की दो टीमें मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में राजकुमार साह के पुत्र रुद्र कुमार (8 वर्ष), पुत्री सृष्टि कुमारी (12 वर्ष) तथा घोड़ासहन निवासी शिवनाथ सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार (28 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं घायल राजकुमार साह का इलाज जारी है। घटना के बाद जिला प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ राहत एवं बचाव कार्य में जुट गया। अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया तथा पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि का चेक अनुमंडल पदाधिकारी, ढाका द्वारा सौंपा गया। जिला प्रशासन ने शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि इस दुख की घड़ी में प्रशासन हर संभव सहायता के लिए उनके साथ खड़ा है। साथ ही गृह क्षति से संबंधित मुआवजा राशि के शीघ्र भुगतान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि आंधी-तूफान, वज्रपात, वर्षा एवं लू जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सतर्क रहें तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी निर्देशों और अलर्ट का पालन अवश्य करें।

### चोरी की कार व बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** भोपतपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर चोरी की एक कार एवं एक मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भोपतपुर, कोटवा एवं डुमरियाघाट थाना की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बंगरा स्थित एक पंजाबी ढाबा के पास संदिग्ध वाहन मौजूद हैं। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। जांच के दौरान एक कार एवं एक मोटरसाइकिल को एचएचडी मशीन से जांचा गया, जिसमें दोनों वाहनों के इंजन एवं चेसिस नंबर अलग-अलग पाए गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को चोरी का होने की पुष्टि करते हुए जब्त कर लिया। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बंगरा गांव निवासी कुंदन कुमार, पिता अनिरुद्ध पांडे एवं सैफिस कुमार, पिता अनीश पांडे शामिल हैं। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बरामदगी में एक कार एवं एक मोटरसाइकिल शामिल है। पुलिस के अनुसार आरोपितों से पूछताछ कर वाहन चोरी गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की जानकारी जुटाई जा रही है। छापेमारी दल में भोपतपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार, कोटवा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, डुमरियाघाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार बलेंदु, भोपतपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष मो. आरिफ हुसैन सहित तीनों थानों के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मुंशी सिंह महाविद्यालय में स्नातक तृतीय सेमेस्टर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**बीएनएम @ मोतिहारी।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित स्नातक (सीबीसीएस) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024-28 की परीक्षा के दूसरे दिन शनिवार को मुंशी सिंह महाविद्यालय केंद्र पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। महाविद्यालय को एल.एन.डी कॉलेज तथा मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दूसरे दिन प्रथम पाली में मेजर ग्रुप-सी के अंतर्गत गणित, भौतिकी, हिंदी एवं मनोविज्ञान विषयों की परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें कुल 1005 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं दूसरी पाली में मेजर ग्रुप-डी के तहत जूलॉजी एवं इतिहास विषयों की परीक्षा में 623 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से परीक्षा की शुचिता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा एवं अनुशासन की समुचित व्यवस्था रही, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम.एन. हक तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने यह जानकारी दी।

# प्रेम प्रसंग का खूनी अंतः हत्या कर शव फंदे से लटकाया, महिला गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र अंतर्गत मठलोहियार दक्षिणी पंचायत के छतवनिया टोला में एक युवक का शव फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अजय पटेल (पिता- ध्रुव पटेल) के रूप में हुई है। घटना को लेकर प्रेम प्रसंग में हत्या कर शव को फंदे से लटकाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम में अपर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, दरोगा अविनाश कुमार, सेराज अहमद, पारस राम एवं सुबोध कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। जानकारी के अनुसार मृतक का गांव की ही एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब दो माह पूर्व दोनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसके बाद मामला चर्चा में आया था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि युवक के निजी अंग को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त किया गया था। शव की स्थिति देखकर हत्या की आशंका और गहरा गई है। अरेराज डीएसपी रवि कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। आशंका है कि युवक की हत्या कहीं और करने के बाद शव को उसके बथान में लाकर फंदे से लटका दिया गया। इधर, हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मामले में तब्बू खातून को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिला असलम मियां की पत्नी बताई जाती है। असलम मियां के पिता का नाम सोबराती मियां है तथा उनका घर बरियारपुर गांव में बताया गया है। पुलिस महिला से पूछताछ कर घटना की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है, जबकि अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि मृतक प्रदेश में रहकर मजदूरी करता था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां और बहनों की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई थी। गांव में घटना को लेकर तनाव का माहौल है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी इसी पंचायत क्षेत्र में प्रेम प्रसंग में हत्या कर शव लटकाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। रवि कुशवाहा, भुट्टी पटेल तथा राजबंशी प्रसाद के पुत्र की मौत के मामलों में भी हत्या के बाद शव लटकाए जाने का मामले आये थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## रोजगार मांगने वाले युवाओं को भाजपा सरकार दे रही लाठियां- अखिलेश दयाल

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई 4.0 की अधिसूचना जारी करने की मांग कर रहे छात्र-छात्राओं पर बिहार पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ी निंदा की है। मोतिहारी कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश दयाल ने शनिवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में शिक्षक भर्ती अभ्यर्थी टीआरई 4.0 की अधिसूचना की मांग कर रहे थे, लेकिन सरकार ने उनकी मांगों पर विचार करने के बजाय उन पर लाठियां बरसाईं। उन्होंने कहा कि जो युवा शिक्षक बनकर देश और समाज का भविष्य संवारना चाहते हैं, आज वही युवा भाजपा सरकार में सड़कों पर पीटे जा रहे हैं। यह बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय और सरकार की संवेदनहीनता का परिचायक है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष प्रो. दयाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में युवाओं को अपने हक और अधिकार की मांग करने पर लाठी-डंडों से प्रताड़ित किया जाता है। चुनाव के समय बड़े-बड़े रोजगार के वादे किए जाते हैं, लेकिन अंततः युवाओं को रोजगार के बदले लाठियां मिलती हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर देश के युवाओं को कब तक इस प्रकार की बर्बरता का सामना करना पड़ेगा। अखिलेश दयाल ने मांग की कि टीआरई अभ्यर्थियों पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा निर्दोष छात्रों पर की जा रही प्रशासनिक कार्रवाई को अविलंब रोका जाए। प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिकांत त्रिपाठी, अनवर आलम अंसारी, मुनमुन जायसवाल, राहुल शर्मा एवं दिलनवाज रशीद उपस्थित रहे।

## जॉर्ज ओरवेल स्मारक के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर डीएम से मिली 'टीम आज़ाद'

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** विश्वविख्यात अंग्रेजी लेखक जॉर्ज ओरवेल की मोतिहारी स्थित जन्मस्थली के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण को लेकर 'आजाद यूथ ऑर्गेनाइजेशन' (टीम आज़ाद) ने पहल तेज कर दी है। संस्था के संयोजक कफील अहमद आज़ाद के नेतृत्व में युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर स्मारक के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जॉर्ज ओरवेल की जन्मस्थली वर्तमान में उपेक्षा और जर्जर स्थिति का सामना कर रही है। संस्था ने इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण, सौंदर्यीकरण तथा पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया और संबंधित फाइल को आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला सामान्य प्रशाखा को अग्रसारित कर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व से जुड़े इस स्मारक के संरक्षण को लेकर आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर संस्था के संयोजक कफील अहमद आज़ाद ने कहा कि किसी भी परिपक्व लोकतंत्र और विकसित समाज की पहचान उसकी ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से होती है। उन्होंने कहा कि जॉर्ज ओरवेल स्मारक मोतिहारी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहित्य और पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित कर सकता है। यदि प्रशासन स्मारक के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू करता है तो टीम आज़ाद के युवा निःशुल्क श्रमदान के माध्यम से इसमें सहयोग देने के लिए तैयार हैं। डीएम द्वारा त्वरित पहल और सामान्य प्रशाखा को निर्देश दिए जाने के बाद साहित्य प्रेमियों एवं युवाओं में उम्मीद जगी है कि विश्वविख्यात लेखक की जन्मस्थली को जल्द ही नई पहचान मिल सकेगी।

# अवैध आरा मिलों पर चलेगा बुलडोजर, पर्यावरण संरक्षण को लेकर डीएम सख्त

**गंगा स्वच्छता, हरियाली विस्तार और सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश**

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में शनिवार को शहर के समाहरणालय सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति, स्पेशल टास्क फोर्स, जिला आर्द्र भूमि एवं एकल उपयोग प्लास्टिक से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में पर्यावरण संरक्षण, नदी स्वच्छता, हरियाली विस्तार तथा अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई को लेकर कई अहम निर्देश डीएम द्वारा दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी श्री जोरवाल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में संचालित अवैध आरा मिलों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को शामिल करते हुए विशेष छापामारी दल का गठन शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्वी चम्पारण में अवैध आरा मिलों के संचालन पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं जिला गंगा समिति की बैठक में वन विभाग को जिले में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण को संतुलित एवं स्वच्छ बनाने तथा जल स्रोतों की गुणवत्ता एवं नदियों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है। एकल उपयोग प्लास्टिक को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने प्लास्टिक थैलों के उपयोग को कम करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन को जूट एवं कपड़े से बने थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे पर्यावरण सुरक्षा एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने-अपने स्तर से नियमानुकूल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## लोक अदालत में एम.एस. कॉलेज के छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी




बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** एम.एस. कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को आयोजित लोक अदालत की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए विभिन्न मामलों के सफल निस्तारण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रंजू बाला के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ। लोक अदालत में डीटीओ, आरटीओ, बैंकिंग विवाद, वैवाहिक मामले, भरण-पोषण सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निपटारा किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से कई पक्षकारों को सरल, सुलभ एवं शांतिपूर्ण तरीके से न्याय प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में शामिल छात्र स्वयंसेवकों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ किया। उन्होंने लोक अदालत की कार्यवाही को सुचारु रूप से संचालित कराने में अहम भूमिका निभाई। लोक अदालत में उपस्थित अधिकारियों एवं पक्षकारों ने छात्र-छात्राओं के कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को न्यायिक प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी भी प्राप्त हुई।

# रक्त की हर बूंद देश के नाम : 71वीं बटालियन एसएसबी के जवानों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सामूहिक रक्तदान शिविर का आयोजन, एसएसबी जवानों ने मानवता सेवा का दिया संदेश**

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर 71वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मोतिहारी द्वारा वाहिनी परिसर में सामूहिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एसएसबी कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में जिला सदर अस्पताल मोतिहारी के ब्लड बैंक की टीम ने सहयोग किया। 'रक्तदान-महादान' के संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर में बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने स्वयं रक्तदान कर किया तथा जवानों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना भी सुरक्षा बलों का प्रमुख कर्तव्य है। उन्होंने कहा, "हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा कर सकता है और एक सैनिक के लिए इससे बड़ा सेवा कार्य कोई नहीं हो सकता।" शिविर के समापन पर सदर अस्पताल मोतिहारी ब्लड बैंक के नोडल पदाधिकारी डॉ. नीरज कुमार (एमबीबीएस) एवं उनकी टीम ने बटालियन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने जवानों के निस्वार्थ योगदान और समाज के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा भावना सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। रक्तदान शिविर में एकत्रित रक्त को सदर अस्पताल मोतिहारी के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया है, जिसका उपयोग आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों के उपचार हेतु किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार (कमांडेंट चिकित्सा), संतोष कुमार (उप कमांडेंट), विश्वजीत तिवारी (उप कमांडेंट), अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

# टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट जार्ज हाई स्कूल ने द रॉयल इंटरनेशनल स्कूल को 6 विकेट से हराया

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** शहर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित आशीर्वाद मेमोरियल इंटर स्कूल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में सेंट जार्ज हाई स्कूल, मोतिहारी ने द रॉयल इंटरनेशनल स्कूल, सीवान को 6 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने संवाद प्रेषित कर बताया कि ग्रुप-ए के मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी द रॉयल इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने राहुल के 32 एवं आयुष के 14 रनों की बदौलत 18.3 ओवर में 82 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। सेंट जार्ज हाई स्कूल की ओर से शक्ति और सौरव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट जार्ज हाई स्कूल की टीम ने शहरयार के 23 तथा अमन के 19 रनों की मदद से 12.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 83 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। द रॉयल इंटरनेशनल स्कूल की ओर से उज्ज्वल ने 3 विकेट लिए। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सेंट जार्ज हाई स्कूल के खिलाड़ी शक्ति को "मैन ऑफ द मैच" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुकाबले में बीसीए ग्रेड लेवल-ए के वेदप्रकाश एवं मो. तैयब ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में अस्मित और आशिक ने योगदान दिया। टूर्नामेंट के अगले मुकाबले में रविवार सुबह द रॉयल इंटरनेशनल स्कूल, सीवान का सामना द रेडिएंट पब्लिक स्कूल, सुगौली से होगा। वहीं शाम के सत्र में इमैनुएल स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल, मोतिहारी के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों में अनील वर्मा, सुशील कुमार, डॉ. अमित, डॉ. फैसल परवेज खान, महफूज रहमान खान, एडवोकेट कमलेश कुमार, मो. आलम, शाहिद हसन, सचिन सहनी एवं मो. रेयान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## फर्जी डॉक्टर पर प्रशासन का शिकंजा: अवैध क्लिनिक सील, इलाज करते झोलाछाप गिरफ्तार

**बीएनएम@डुमरियाघाट**। डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में शनिवार को एसडीओ शिवानी शुभम के नेतृत्व में अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों और मेडिकल प्रतिष्ठानों के खिलाफ व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान उत्तरी हुसैनी पंचायत के हुसैनी बाजार में संचालित एक अवैध क्लिनिक और मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया, जबकि मौके पर मरीजों का इलाज कर रहे एक कथित झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान गोपालगंज जिले के मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के खोरंगपुर गांव निवासी हीरालाल गुप्ता के पुत्र नंद कुमार के रूप में हुई है। वह "मदर उमा चाइल्ड क्लिनिक" के नाम से बोर्ड लगाकर मरीजों का इलाज कर रहा था। जांच के दौरान प्रशासन ने पाया कि नंद कुमार के पास न तो कोई मान्य चिकित्सकीय डिग्री थी और न ही क्लिनिक संचालन अथवा चिकित्सा कार्य से संबंधित कोई वैध पंजीकरण। अधिकारियों द्वारा मांगे जाने पर वह कोई अधिकृत प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। छापेमारी के दौरान क्लिनिक से दो नेबुलाइजर मशीन, एक ऑक्सीजन सिलेंडर समेत कई चिकित्सकीय उपकरण बरामद किए गए। वहीं क्लिनिक से सटे मेडिकल स्टोर की जांच में बिना लाइसेंस रखी गई कई दवाएं पाई गईं। मेडिकल स्टोर संचालक को मौके पर बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसके अनुपस्थित रहने पर दुकान को भी सील कर दिया गया। इसी अभियान के तहत रामपुर खजुरिया स्थित "जगरनाथ सेवा सदन" की जांच में अनियमितता मिलने पर वहां संचालित लैब और मैटरनिटी वार्ड को सील कर दिया गया। वहीं "दान पात्र हॉस्पिटल" जांच के दौरान बंद मिला। एसडीओ शिवानी शुभम ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों के खिलाफ लगातार जांच और कार्रवाई जारी रहेगी। छापेमारी अभियान में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पूजा, बीएचएम धर्मराज कुमार, स्थानीय थाना पुलिस एवं पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## हत्या एवं उत्पाद कांड के तीन आरोपित गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। गढ़हिया थाना पुलिस ने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपितों में हत्या एवं उत्पाद अधिनियम से जुड़े मामलों के अभियुक्त शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गढ़हिया थाना कांड संख्या 37/26 (हत्या) के प्राथमिकी अभियुक्त इन्द्रदेव साहनी को गिरफ्तार किया गया है। इन्द्रदेव साहनी, स्वर्गीय सुफन साहनी का पुत्र एवं कोइरलहरा गांव, थाना-गढ़हिया, जिला-पूर्वी चंपारण का निवासी बताया गया है। वहीं गढ़हिया थाना कांड संख्या 87/26 (उत्पाद) में प्राथमिकी अभियुक्त अशोक साहनी तथा नारायण साहनी को भी गिरफ्तार किया गया है। अशोक साहनी, राजदेव साहनी का पुत्र तथा नारायण साहनी, सुरजन साहनी का पुत्र बताया गया है। दोनों कोठिया गांव, थाना-गढ़हिया बाजार, जिला-पूर्वी चंपारण के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## यूपी-बिहार में 4 महीने से आतंक मचाने वाला तेंदुआ गिरफ्तार




**बीएनएम @ बगहा** : बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में चार महीने से आतंक का पर्याय बने खूंखार तेंदुए को आखिरकार वन विभाग की संयुक्त टीम ने कुशीनगर के जटहा बाजार थाना क्षेत्र से रेस्क्यू कर लिया है। इस सफल अभियान के बाद दोनों राज्यों के सीमावर्ती गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है।यह तेंदुआ पिछले चार महीनों से बगहा के पिपरासी, सेमरा दियारा और रिहायशी इलाकों में विचरण कर रहा था। इस दौरान उसने करीब आधा दर्जन मवेशियों का शिकार किया और कई लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गुरुवार को तेंदुए ने पिपरासी के मनिया छापर गांव में चिरई देवी पर हमला किया, जिन्हें गंभीर हालत में बेतिया रेफर किया गया। इसके बाद उसने मनोज शर्मा, धनपति देवी और बाइक सवार शिक्षक सुनील गुप्ता को भी निशाना बनाया। यूपी सीमा में प्रवेश करने के बाद तेंदुए ने पत्रकार उमेश गिरी, रहीम अंसारी, ललीता देवी और टून्ना तिवारी सहित कई अन्य लोगों को जख्मी कर दिया।तेंदुआ भागते हुए पूर्नहा मिश्र गांव में रामाधार सिंह के मकान और फिर गन्ने के खेत से होते हुए एक पुलिया में छिप गया। कुशीनगर डीएफओ वरुण सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने पुलिया के दोनों सिरों को जाल से बंद कर दिया। रेंजर अशोक यादव ने बताया कि 'ट्रैक्लाइजर गन' की मदद से तेंदुए को बेहोश कर रेस्क्यू किया गया और पिंजरे में डालकर गोरखपुर चिड़ियाघर भेज दिया गया।रेस्क्यू के दौरान भारी भीड़ जमा हो गई और ग्रामीणों व पुलिस के बीच झड़प भी हुई, जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा और दो युवकों को हिरासत में लिया गया। इस पूरे ऑपरेशन में बिहार वन विभाग की टीम और बगहा वन क्षेत्र पदाधिकारी श्रीमान मालाकार का भी विशेष सहयोग रहा।

## विशालकाय अजगर ने सियार को जकड़ा



**बीएनएम @ बगहा**: बगहा शहर से सटे तिरहुत नहर पुल के पास शनिवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब राहगीरों ने एक विशालकाय अजगर को सियार का शिकार करते देखा। अजगर ने सियार को अपनी मजबूत कुंडली में पूरी तरह जकड़ लिया था और उसे निगलने की कोशिश कर रहा था। सियार खुद को बचाने के लिए काफी देर तक छटपटाता रहा, लेकिन धीरे-धीरे वह कमजोर पड़ने लगा।इसी बीच बनकटवा निवासी सुरेंद्र यादव ने घटना की सूचना पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र यादव को दी। गजेंद्र यादव ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और अजगर का ध्यान भटकाने के लिए शोर मचाया। काफी प्रयासों के बाद अजगर की पकड़ ढीली हुई और सियार अपनी जान बचाकर भागने में सफल रहा। भीड़ और शोर को देख अजगर भी पास की झाड़ियों से होते हुए नहर की ओर चला गया।ः इस रोमांचक दृश्य को देखने के लिए प्रेम बिहारी, सुबोध ठाकुर और अमित कुमार समेत कई स्थानीय लोग मौजूद थे। ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों से भोजन की कमी के कारण अक्सर जंगली जीव रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## अनुशासन ही देश को महान बनाता है: प्रो. शशि प्रताप शाही



**बीएनएम @ गयाजी**। मिर्ज़ा ग़ालिब कॉलेज में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शशि प्रताप शाही थे। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष शबी आरफीन शमसी ने उन्हें शॉल, गुलदस्ता और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।समारोह में मगध विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रमोद कुमार चौधरी को शासी निकाय के सचिव डॉ. हफीजुर रहमान खान ने और प्रॉक्टर प्रो. डॉ. कृष्णदेव प्रसाद वर्मा को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने सम्मानित किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, कर्मियों और मेधावी छात्र-छात्राओं को कुलपति के हाथों पुरस्कृत किया गया। कुलपति प्रो. शाही ने अपने संबोधन में कॉलेज के अनुशासन और कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए इसे मगध विश्वविद्यालय का गौरव बताया। उन्होंने कहा, "जो अच्छा कार्य करता है, उसे हर जगह सम्मान मिलता है। डरते वही हैं, जो काम नहीं करते।" उन्होंने आगे कहा कि यह कॉलेज नैक मूल्यांकन से नहीं डरता, बल्कि अपनी विशिष्ट कार्यसंस्कृति से अलग पहचान रखता है। उन्होंने विश्वविद्यालय के सुधरते शैक्षणिक सत्र और नियमित परीक्षाओं का भी जिक्र किया।कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. सरवत शमसी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. इरफाना नाहिद ने दिया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अपराध नियंत्रण को लेकर बेतिया में अपराध गोष्ठी आयोजित, गश्ती व गिरफ्तारी अभियान तेज करने का निर्देश

बीएनएम @ बेतिया





**बेतिया**। पश्चिम चम्पारण पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन की अध्यक्षता में शनिवार को पुलिस केंद्र बेतिया स्थित पुलिस सभागार में अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक, पर्यवेक्षी पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण एवं लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। एसपी ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं पर्यवेक्षी अधिकारियों को कांडों के पर्यवेक्षण में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती बढ़ाने, रात्रि गश्ती को और अधिक सक्रिय बनाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया। अपराध नियंत्रण को लेकर जिलेभर में विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन चोरी के मामलों के शीघ्र उद्भेदन एवं अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में शराब तस्करों, लंबित कांडों के अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि सभी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा सूचना का अधिकार, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन, सर्विलांस प्रोसीडिंग तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदनों और जनशिकायतों के त्वरित निष्पादन का निर्देश भी अधिकारियों को दिया गया। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर संवेदनशील एवं प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## "हमारा बच्चा हमारी जिम्मेदारी" थीम पर भेलानारी विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित

बीएनएम @ अरेराज

**अरेराज**। प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय भेलानारी में शनिवार को "हमारा बच्चा हमारी जिम्मेदारी" विषय पर शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कक्ष में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण को लेकर अभिभावकों को जागरूक करना था। कार्यक्रम जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण राजन कुमार गिरी के निर्देश पर आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मदन मोहन नाथ तिवारी ने की। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय और परिवार दोनों की समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बच्चों में स्वच्छता की आदत विकसित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने की आदत घर और विद्यालय दोनों जगह सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रधानाध्यापक ने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के भोजन में दाल, चावल, हरी सब्जियां, दूध, फल और सलाद को शामिल करना चाहिए तथा जंक फूड और बाहरी खाद्य पदार्थों से दूरी बनानी चाहिए। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई कि बच्चे नियमित रूप से साफ-सुथरे यूनिफॉर्म और आवश्यक शैक्षणिक सामग्री के साथ विद्यालय आएं। गोष्ठी में अभिभावकों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। अभिभावक दीनानाथ सिंह ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता बताई। उन्होंने रसोईघर और बर्तनों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षणिक माहौल और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे आदर्श विद्यालय बनाने की इच्छा जताई। कार्यक्रम में पंकज शुक्ला, श्रीकांत मिश्रा, पुकार सिंह, जय नाथ सिंह, रविंद्र कुमार ठाकुर, मनु मिश्रा, हरंगीला सिंह, राजू सिंह, अंकित कुमार मिश्रा, हीरालाल शाह, शंभू शाह समेत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। वहीं शिक्षक हितेश कुमार उपाध्याय, रूपा कुमारी मिश्रा और पवन मिश्रा ने भी गोष्ठी में सहभागिता की।

## युवा रोजगार मांग रहे हैं, अपराध नहीं, लाठीचार्ज लोकतंत्र की हार :रजनीश कुमार

बीएनएम @गयाजी

कांग्रेस ने टीआरई-4 की बहाली जल्द शुरू करने की उठाई मांग




**गयाजी**। राजधानी पटना के जेपी गोलंबर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे टीईटी-एसटीईटी अभ्यर्थियों पर हुई पुलिसिया कार्रवाई ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की तीखी निंदा करते हुए इसे राज्य सरकार की संवेदनहीनता करार दिया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण तरीके से बहाली और रिक्त पदों को भरने की मांग कर रहे युवाओं को पुलिस ने बूटों और लाठियों से बेरहमी से पीटा। पार्टी ने घटना की तुलना 'जलियांवाला बाग' से करते हुए कहा कि नौकरी मांग रहे युवाओं के साथ अपराधियों जैसा सलूक किया गया, जिसमें कई अभ्यर्थियों के सिर फट गए और वे गंभीर रूप से घायल हो गए।पार्टी ने सरकार पर टीआरई-4 की वैकेंसी जारी करने में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया। नेताओं का कहना है कि राज्य में शिक्षकों के दो लाख से अधिक पद खाली हैं, लेकिन बहाली प्रक्रिया को लगातार टाला जा रहा है। इस देरी के कारण हजारों अभ्यर्थी उम्र सीमा पार कर रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है।गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा, "बिहार के युवा रोजगार मांग रहे हैं, अपराध नहीं कर रहे। शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठियां बरसाना दुर्भाग्यपूर्ण है।" उन्होंने मांग की कि सरकार अविलंब पारदर्शी बहाली प्रक्रिया शुरू करे और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।इस प्रेस वार्ता और विरोध प्रदर्शन में रंजीत कश्यप, युगलकिशोर सिंह, प्रदीप शर्मा, भाई ओंकार शक्ति, मदीना खातून, विद्या शर्मा, अर्जुन गुप्ता, अनिल कुमार पासवान, धर्मेन्द्र शर्मा, शिवनाथ प्रसाद और मोहम्मद कमरू सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भीषण अग्निकांड में दो मासूम समेत तीन की मौत, लाखों की संपत्ति राख

बीएनएम @ घोड़ासहन @ विक्की विजेन्द्र



**घोड़ासहन**। इलाके में लगातार बढ़ रही अग्निकांड की घटनाओं के बीच शुक्रवार की देर रात कुण्डवा चैनपुर थाना क्षेत्र के बड़हरवा फतेह मोहम्मद गांव में हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया। हादसे में दो मासूम बच्चों समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार ढाका प्रखंड अंतर्गत बड़हरवा फतेह मोहम्मद गांव स्थित एक दो मंजिला होलसेल जनरल स्टोर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय घर के लोग गहरी नींद में थे। आग की लपटें उठते ही गांव में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता के आगे सभी प्रयास विफल साबित हुए। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी, ढाका के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग की दो टीमें मौके पर पहुंचीं। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दर्दनाक हादसे में राजकुमार साह के पुत्र रुद्र कुमार (8 वर्ष), पुत्री सृष्टि कुमारी (12 वर्ष) तथा घोड़ासहन निवासी प्रिंस कुमार (28 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं राजकुमार साह गंभीर रूप से झुलस गए, जिनका इलाज जारी है। प्रशासनिक जांच में प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। बताया जाता है कि जनरल स्टोर में भारी मात्रा में किराना एवं अन्य सामान रखा हुआ था, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। हादसे के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है तथा मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि उपलब्ध कराई गई। साथ ही गृह क्षति से संबंधित मुआवजे के शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया गया। जिला प्रशासन ने लोगों से गर्मी, आंधी, बारिश एवं शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं को लेकर सतर्क रहने की अपील की है। प्रशासन ने कहा है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल जिला आपातकालीन संचालन केंद्र को सूचना दें, ताकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके।

## घर में बने तहखाने से 10.3 लीटर विदेशी शराब बरामद

बीएनएम @ हरसिद्धि




**हरसिद्धि**। पुलिस ने शराबबंदी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सेवरहाँ में छापेमारी कर 10.3 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। मामले में आरोपित शराब कारोबारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सेवरहाँ गांव निवासी मोहन बिन्द, पिता मेघु बिन्द, अपने घर में अवैध रूप से विदेशी शराब छिपाकर रखे हुए हैं। सूचना के आधार पर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर के अंदर बने तहखाने से 13 बोतल किंगफिशर बीयर (प्रत्येक 650 एमएल) तथा 11 पीस 8 पीएम (प्रत्येक 180 एमएल) विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कुल मात्रा 10.3 लीटर बताई गई है। पुलिस ने बरामद शराब को विधिवत जब्त कर लिया है। थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## चोरों ने 60 लाख की संपत्ति उड़ाकर पुलिस को दी चुनौती, पुपरी के सिंग्याही में भीषण चोरी

बीएनएम @ सीतामढ़ी/पुपरी



**सीतामढ़ी/पुपरी**: जिले में आपराधिक घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनता के बीच पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। ताजा मामला पुपरी थाना क्षेत्र के सिंग्याही वार्ड नंबर 21 का है, जहाँ शुक्रवार की रात चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए करीब 50 से 60 लाख रुपये मूल्य के गहने और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस बड़ी वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस गश्ती केवल कागजों तक सीमित है, जिसका फायदा उठाकर अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और चोरी गई संपत्ति की जल्द बरामदगी की मांग की है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी है, लेकिन इतनी बड़ी चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

## गोविन्दगंज विधायक को मंत्रिमंडल में जगह न मिलने से कार्यकर्ताओं में उबाल, एनडीए नेतृत्व के खिलाफ जताया गहरा रोष

बीएनएम @ अरेराज



**अरेराज**। बिहार सरकार के हालिया मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पूर्वी चम्पारण जिले के गोविन्दगंज विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। स्थानीय विधायक राजू तिवारी को कैबिनेट में शामिल न किए जाने से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच भारी असंतोष और आक्रोश की लहर देखी जा रही है। लोगों का मानना है कि क्षेत्र के लोकप्रिय जनसेवक की अनदेखी करना न केवल विधायक का अपमान है, बल्कि यह गोविन्दगंज की समस्त जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के विभिन्न गांवों और चौराहों पर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। स्थानीय निवासी दिनेश कुमार पांडेय ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि राजू तिवारी ने हमेशा जमीन से जुड़कर जनता की समस्याओं का समाधान किया है। उन्हें मंत्रिमंडल में जगह न मिलना इस क्षेत्र के विकास की गति को रोकने जैसा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से पुरजोर अपील की है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए राजू तिवारी को जल्द से जल्द मंत्रिमंडल में उचित स्थान देकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाए। वहीं, वरिष्ठ नागरिक रामललित शर्मा ने इस निर्णय को चम्पारण के लिए दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि राजू तिवारी ने न केवल गोविन्दगंज, बल्कि पूरे जिले में एनडीए के जनाधार को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके अनुसार, कुछ राजनीतिक षड्यंत्रों के तहत एक कर्मठ और मिलनसार व्यक्तित्व को आगे बढ़ने से रोका जा रहा है, जिसे क्षेत्र की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। जिले में ११ विधायकों की मौजूदगी के बावजूद एक कद्दावर नेता की उपेक्षा करना समझ से परे है।

## दुर्भाग्यपूर्ण सूरत में तब्दील

**वेदांता कंपनी के बिजली संयंत्र में बॉयलर फटने से कम-से-कम 14 मजदूर मारे गए और 30 से ज्यादा कर्मचारी घायल हो गए। अनुमान लगाया जा सकता है कि ये खबर मीडिया में महज एक दिन की सुर्खी बन कर रह जाएगी।**

भारत सरकार की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नीति किस तरह मजदूरों के लिए ईज ऑफ डाइंग की दुर्भाग्यपूर्ण सूरत में तब्दील हो गई है, उसकी एक ताजा मिसाल छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में हुआ हादसा है। सिंघीतराई में स्थित वेदांता कंपनी के बिजली संयंत्र में मंगलवार को बॉयलर फटने से कम-से-कम 14 मजदूरों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा कर्मचारी घायल हो गए। अनुमान लगाया जा सकता है कि ये खबर मीडिया में महज एक दिन की सुर्खी बन कर रह जाएगी। ना तो नीति-निर्माता, ना मीडिया कर्मी और ना ही सामाजिक कार्यकर्ता ये सवाल उठाने की जरूरत महसूस करेंगे कि आखिर ऐसी औद्योगिक दुर्घटनाओं की संख्या हाल के वर्षों में क्यों बढ़ती चली गई है? सिर्फ 2026 पर नज़र डालें, तो अब तक कारखानों में कम-से-कम ऐसे सात बड़े हादसे हुए हैं, जिनमें मजदूरों की जान गई है। ये दुर्घटनाएं छत्तीसगढ़ से लेकर मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, और आंध्र प्रदेश तक में हुईं। बीते हफ्ते तेलंगाना में एक रासायनिक कारखाने में भीषण विस्फोट हुआ, हालांकि उसमें किसी जान नहीं गई। हल्की आग, छत गिरने या गैस लीक होने जैसी ऐसी घटनाओं की सूची तो लंबी है, जिनमें हताहत होने वाले मजदूरों की संख्या सीमित रहती है। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2024 से 2026 में अब तक औद्योगिक हादसों में 296 मजदूरों की जान गई है। एक अध्ययन के मुताबिक देश में हर रोज औसतन तीन श्रमिकों की जान औद्योगिक हादसों में जाती है। इनमें से ज्यादातर मामलों को मामूली मुआवजा देकर निपटा दिया जाता है। मगर हादसों की जड़ में जाने और उसके लिए प्रबंधन को जवाबदेह बनाने की चर्चा शायद ही कभी सुनने को मिलती हो। कानून की किताब में ऐसे प्रावधान हों भी, तो ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के जमाने पर उन्हें गंभीरता से लेने का चलन नहीं रहा। स्पष्टतः कारोबार में ये आसानी श्रमिकों की कीमत पर है। अतः याद रखना चाहिए कि ऐसी कारोबारी आसानी से निवेशकों को मुनाफा बढ़ाने में भले आसानी होती हो, उससे फूलता-फलता उपभोक्ता बाजार तैयार नहीं हो सकता। ना ही ये कारोबारी संस्कृति आम खुशहाली का आधार बन सकती है।

# सम्राट की सरकार में परिवार की अमरबेल

**राधा रमण**




बिहार में सरकार गठन के 22 वें दिन सम्राट चौधरी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार किया गया। इसमें 32 नये सदस्यों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। सात लोग पहली बार मंत्री बने। इनमें दो किसी सदन के सदस्य नहीं हैं। उन्हें छह माह के भीतर किसी सदन का सदस्य बनना होगा।

आमतौर पर चाल, चरित्र और चेहरा की दुहाई देने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई में बनी इस सरकार में सामाजिक और जातीय समीकरणों पर पूरा फोकस किया गया है। साथ ही लालू यादव, सोनिया गांधी, स्व करुणानिधि, स्व मुलायम सिंह यादव, भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, दिग्विजय सिंह आदि पर परिवारवाद का आरोप लगाने वाली भाजपा की इस सरकार में राजनीतिक परिवार की अमरबेल पूरी तरह लहलहा रही है। कैसे ? बताते हैं।

बिहार में पहली बार किसी सरकार में तीन-तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों को मंत्री बनाया गया है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे राज्य के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार तो हैं ही, पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्धम (एमएसएमई) मंत्री जीतनराम मांझी के पुत्र लघु जल संसाधन मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन और पूर्व मुख्यमंत्री स्व डॉ जगन्नाथ मिश्र के पुत्र नगर विकास और आवास तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नीतीश मिश्र शामिल हैं। इनमें से निशांत अभी किसी सदन के सदस्य नहीं हैं। संभवतः वह अपने पिता नीतीश कुमार द्वारा खाली की गयी विधान परिषद की सीट से सदस्य बन जाएंगे।

अन्य नेता पुत्रों में स्वयं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पूर्व मंत्री शकुनि चौधरी के और उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी पूर्व विधायक स्व जगदीश प्रसाद चौधरी के पुत्र हैं। राज्य के खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री डॉ अशोक चौधरी बिहार कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे पूर्व मंत्री महावीर चौधरी के पुत्र हैं तो राज्य के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश पूर्व केन्द्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के पुत्र हैं। निशांत के तरह दीपक प्रकाश भी किसी सदन के सदस्य नहीं हैं। इससे पहले नीतीश कुमार की सरकार में भी वह बिना किसी सदन के सदस्य रहे करीब पांच माह तक मंत्री बने थे। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि गृहमंत्री अमित शाह उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी का भाजपा में विलय कराना चाहते हैं। वह नहीं चाहते कि कुशवाहा समाज से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा कोई दूसरा नेता उसी समाज का ताकतवर हो। इसी सौदे के तहत दीपक प्रकाश को दोबारा बिना किसी सदन की सदस्यता के मंत्री बनाया गया है। हालांकि उपेन्द्र कुछ और भी मोलभाव करने पर आमादा हैं। देखना दिलचस्प होगा कि दोनों में से कौन बाजी मारता है। इसी तरह राज्य की उद्योग और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व दिग्विजय सिंह की पुत्री हैं तो राज्य की पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व कैप्टन जयनारायण निषाद की पतोहू और पूर्व सांसद अजय निषाद की पत्नी हैं।

राज्य में मिथिलेश तिवारी, इंजीनियर शैलेन्द्र, रामचन्द्र प्रसाद, नंदकिशोर राम को मंत्री बनाकर भाजपा ने अपनी रणनीति साफ़ कर दी है कि पार्टी अब पुराने और जमे- जमाय नेताओं के सहारे नहीं रहना चाहती। लंबी पारी के लिए उसे नये चेहरों को आगे लाना होगा। इन्हें पहली बार मंत्री पद से नवाजा गया है। निशांत और दीपक प्रकाश को मंत्री बनाना भाजपा की सोची-समझी चाल है। श्वेता गुप्ता को जदयू कोटे से पहली बार मंत्री बनाया गया है। वह पहली बार की विधायक भी हैं। पेशे से डॉक्टर हैं और बनिया समुदाय से आती हैं।

जानकार तो यह भी कहते हैं कि निशांत को मंत्री बनाने में भी अमित शाह का ही हाथ रहा है। शाह के कहने पर ही जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह निशांत की चौतरफा घेराबंदी में लगे थे। पहले उप मुख्यमंत्री पद का ऑफर दिया गया था। लेकिन निशांत नहीं माने थे। वह पार्टी संगठन को मजबूत करना चाहते थे। अब बिजेन्द्र यादव के जीवित रहते उनके उप मुख्यमंत्री बनने की संभावना नहीं है। मंत्री बनकर ही रहना होगा, क्योंकि बिजेन्द्र यादव को हटाने पर पार्टी में विद्रोह की आशंका है।

दरअसल, नीतीश कुमार को कुर्सी से बेदखल करने के बाद भाजपा की पूरी कोशिश बिहार में एकछत्र राज करने की है। महाराष्ट्र और हरियाणा के उदाहरण से यह समझा जा सकता है। भाजपा ने पहले जिनके बूते पर सरकार बनाई, उन्हें ही समय आने पर बेदखल कर दिया। पार्टियों की बात की जाए तो इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), अकाली दल, बीजू जनता दल (बीजद) की बर्बादी इस बात की तस्दीक करते हैं। अब बिहार में जनता दल यूनाईटेड (जदयू), हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) की बारी है। भाजपा को पता है कि नीतीश कुमार अपने बेटे निशांत के सहारे जदयू को मजबूत बनाये रखना चाहते हैं। इसीलिए निशांत को सरकार में शामिल कर उनके राजनीतिक मूवमेंट पर विराम लगा दिया गया है। अब वे सरकारी फाइलों में उलझे रहेंगे। जदयू के संगठन पर ध्यान नहीं दे पाएंगे।

ऐसा नहीं है कि राजनीति के माहिर खिलाड़ी नीतीश कुमार भाजपा के इस खेल से अनभिज्ञ हैं। वह सारी बात समझते हैं, लेकिन विवश हैं। कारण, 7 सर्कुलर रोड का बंगला है, जिसे नीतीश ने अपने रहने लायक बनाया है। मुख्यमंत्री आवास छोड़ने के बाद नीतीश उसी बंगले में शिफ्ट हो गए हैं। वह बंगला राज्य के किसी मंत्री के नाम पर ही आवंटित हो सकता है। राज्य में पूर्व मुख्यमंत्रियों को सरकारी आवास एलाट करने का अब प्रावधान नहीं है। पहले होता था। अब अदालत ने रोक लगा रखी है। ऐसे में नीतीश अपने बेटे को मंत्री बनाकर ही वह बंगला अपने पास रख सकते हैं। बहरहाल, सम्राट सरकार का असली लिस्मस टेस्ट तो राज्य में बढ़ती बेरोजगारी, कानून व्यवस्था ठीक करने, शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने, चिकित्सा की लचर व्यवस्था को पटरी पर लाने, बाढ़ नियंत्रण का उपाय करने और विकास कार्यों को पटरी पर लाने की है, क्योंकि राज्य का खजाना खाली है और जंगलराज की स्थिति है। उसी जंगलराज की जिसका नाम लेकर नीतीश लगभग 20 वर्षों तक सत्ता के शिखर पर बैठे रहे।

# हजारों बेगुनाहों की जान ले चुकी है बंगाल की खूनी सियासत!

**मनोज कुमार अग्रवाल**

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का एक लंबा और खूनी इतिहास रहा है, जो दशकों से चला आ रहा है।पश्चिम बंगाल... एक ऐसा राज्य जहां सियासी दुश्मनों को हराया नहीं, बल्कि खत्म कर दिया जाता है। यहां पार्टियां बदलती हैं, सरकारें बदलती हैं, लेकिन हिंसा की राजनीति का तरीका नहीं बदलता। बंगाल की शान, उसका गौरवशाली इतिहास और बौद्धिक संस्कृति, इन सबको 34 साल के कम्युनिस्ट शासन की खूनी सियासत ने धुंधला कर दिया। गांव से लेकर कोलकाता के सत्ता के गलियारों तक, पार्टी ही सरकार थी और सरकार ही पार्टी। इसी कैडर कल्चर से सियासी दुश्मनी ने जन्म लिया। वोट कौन किसे देगा, ये लोग नहीं, पार्टी तय करती थी। एक पूरी पीढ़ी तक राज करने वाली लेफ्ट पार्टियों ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा की नींव डाल दी।गांवों में पड़ोस के घरों से लेकर कोलकाता की सड़कों तक, राजनीतिक विरोधियों को हिंसक तरीके से कुचलना एक संस्कृति बन गई। लेफ्ट पार्टियों ने यह सब सिर्फ इसलिए किया क्योंकि वे किसी भी कीमत पर सत्ता में बने रहना चाहते थे। 34 साल के कम्युनिस्ट राज में 20,000 से ज़्यादा राजनीतिक हत्याएं हुईं और अनगिनत रेप हुए। कर्नाटक में बैठकर वहां हुए इस कुशासन का अंदाज़ा लगाना भी मुश्किल है। खूनी राजनीति के बीच एक उम्मीद बनकर उभरीं ममता बनर्जी। लेफ्ट की हिंसक राजनीति को हराकर सत्ता में तो आईं, लेकिन अपनी कुर्सी बचाने के लिए उन्होंने भी वही रास्ता अपना लिया। बंगाल की टीएमसी में कार्यकर्ता कितने थे पता नहीं, पर गुंडों की कोई कमी नहीं थी। 2018 का पंचायत चुनाव हो, 2021 के चुनाव के बाद की हिंसा हो, या 2023 के पंचायत चुनाव के बाद का खून-खराबा में 60 लोगों की मौत यह सिलसिला जारी है । विरोधी पार्टियों के दफ्तरों में आग लगाना, लोगों के घरों में घुसकर टीएमसी को वोट देने की धमकी देना मारपीट ध्रुवीकरण बंगाल में आम बात हो गई। गांवों में टीएमसी का विरोध करने वालों के पास दो ही रास्ते थे - या तो गांव छोड़ दो, या टीएमसी को वोट दो। टीएमसी का विरोध करने वालों को जहां-तहां पीटा गया, झूठे केसों में जेल में डाल दिया गया। जिन्होंने विरोध किया, उन्हें खत्म कर दिया गया और उनके घर की महिलाओं पर अत्याचार किए गए। यहां तक कि ममता बनर्जी के खिलाफ लिखने वाले पत्रकारों को भी नहीं बख्शा गया। आरोप है कि ममता सरकार के राज में 300 से ज़्यादा राजनीतिक हत्याएं हुईं, जबकि रेप के मामलों का तो कोई हिसाब ही नहीं। कई महिलाओं ने तो इज्जत के डर से पुलिस स्टेशन का मुंह तक नहीं देखा। उन्हें यह भी भरोसा नहीं था कि अगर वे शिकायत करने गईं तो सुरक्षित घर लौट पाएंगी।

2021 तक टीएमसी की खूनी राजनीति एक स्तर पर थी, लेकिन उसके बाद के हालात और भी भयानक हो गए। थोक में वोट पाने के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति, अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए रेड कार्पेट बिछाना, और सिर्फ इसलिए हिंदुओं को निशाना बनाना क्योंकि उन्होंने बीजेपी का समर्थन किया था, यह सब टीएमसी के दबंगई और गुंडई के जरिए चल रहा था। बंगाल के लोगों के सब्र का बांध टूटने में 15 साल लग गए। इसका नतीजा ये हुआ कि 2011 में एक भी सीट न जीत पाने वाली बीजेपी, 2016 में 3 सीटों पर सिमटने वाली बीजेपी, आज 77 से 206 सीटें जीतने के स्तर पर आ गई है।

उम्मीद है कि कम्युनिस्टों द्वारा शुरू की गई और टीएमसी द्वारा आगे बढ़ाई गई इस खूनी राजनीति को बीजेपी आगे नहीं बढ़ाएगी। बंगाल के लिए बीजेपी का यही सबसे बड़ा अच्छा काम होगा। क्योंकि जो लोग पहले लेफ्ट और टीएमसी के कैडर थे, वही आज बीजेपी का झंडा उठा रहे हैं। पार्टियां और सरकारें बदल गईं, लेकिन हिंसा की जहरीली सियासी संस्कृति अब यहीं खत्म होनी चाहिए।

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बावजूद, चुनावी और राजनीतिक हिंसा का सिलसिला थमा नहीं है, चाहे वह वामपंथी शासन सीपीएम का दौर हो या वर्तमान तृणमूल कांग्रेस का दौर।आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल की खूनी राजनीति के बंगाल में सियासी हिंसा का दौर 1959 के खाद्य आंदोलन से शुरू होकर आज छह दशक बाद भी जारी है। एनसीआरबी की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल में भारत में सबसे अधिक राजनीतिक हत्याएं दर्ज की गई हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव, 2018 के पंचायत चुनाव और 2013 के पंचायत चुनावों के दौरान राज्य में व्यापक हिंसा और हत्याएं देखी गईं। ताज़ा घटना क्रम में बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या सहित चुनाव बाद हिंसा की घटनाओं ने सियासी माहौल को गरमा दिया है। पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजों के सामने आने के बाद बुधवार (6 मई) देर रात शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या से हड़कंप मच गया है. अब तक की जांच में सामने आया है कि हत्या में इस्तेमाल की गई गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी. गोली लगने के बाद चंद्रनाथ रथ को विवासिटी हॉस्पिटल लाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम के बाद ये आशंका ज़ाहिर की जा रही थी कि हिंसक घटनाएं हो सकती हैं. पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम आने के बाद मंगलवार और बुधवार को हिंसा की कई घटनाएं सामने आई हैं. भाजपा और टीएमसी के पार्टी प्रतिनिधियों ने दावा किया कि पिछले 24 घंटों में पूरे पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई कथित झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई. एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा के एक पार्टी प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि जहां उत्तरी 24 परगना के न्यू टाउन और हावड़ा के उदय नारायणपुर में भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई. वहीं टीएमसी ने कहा कि कोलकाता के बेलेघाटा और बीरभूम के नानूर में उसके दो सदस्यों की हत्या हुई है.

उधर पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने अपने पीए निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर की गई हत्या को एक सुनियोजित साजिश और कोल्ड-ब्लडेड मर्डर करार दिया है। यह घटना 6 मई 2026 की रात को मध्यमग्राम में हुई, जब वह अपने घर लौट रहे थे। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह एक 100% पूर्वनियोजित मर्डर है। हत्यारों ने 2-3 दिनों तक रेकी की थी और योजना के तहत इस घटना को अंजाम दिया।शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि उनकी हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह मेरे पीए थे। उन्होंने इसे भवानीपुर में ममता बनर्जी की हार का बदला भी बताया।शुभेंदु ने इस हत्या को पश्चिम बंगाल में जारी 15 साल के महाजंगल राज का नतीजा बताया और कहा कि वे बंगाल से गुंडों का सफाया करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली से नेतृत्व ने इस घटना की जानकारी ली है और वे लगातार संपर्क में हैं। राज्य में तोड़फोड़ और हिंसा की कई ख़बरें आने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने बयान जारी कर आरोप लगाया था कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोग अपनी पहचान बदलकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और इन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

हिंसा की घटनाओं के बाद चुनाव आयोग ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं।हिंसा में शामिल दलों में तृणमूल कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस शामिल हैं, जो राज्य में वर्चस्व के लिए अक्सर संघर्षरत रहते हैं। सवाल यह है कि पिछले पांच दशक में पश्चिमी बंगाल में ऐसी राजनीतिक संस्कृति पैदा की गई है जिसमें हिंसा दबंगई संप्रदायवाद तुष्टिकरण और कदाचार का बोलबाला है क्या आने वाले समय में भाजपा सरकार इस अपराधिक अराजकता पर काबू पाकर राज्य में अमन चैन स्थापित करने में सफल होगी या खून-खराबे की सियासत इसी तरह राज्य की राजनीति पर एक बदनुमा दाग बनी रहेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज आपका दिन आत्मविश्वास से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय में किसी नए काम की शुरुआत होगी, परंतु अभी अधिक लाभ की उम्मीद ना रखकर पूरी तरह से मेहनत करें। और स्टाफ के साथ मित्रवत व्यवहार रखें। ऑफिस में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली से कंपनी को फायदा होगा। आज दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता पूर्ण हो सकता है। आज नजदीकी लोगों के साथ मेल मुलाकात और मनोरंजन संबंधी कामों में समय अच्छा बीतेगा।

**वृष राशि**: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज बिजनेस में लेनदेन बहुत सोच-विचार कर करेंगे, जल्दबाजी नहीं करेंगे। किसी प्रकार की भी पार्टनरशिप करने की योजना को आज स्थगित करना पड़ सकता है। आज आपके वित्तीय मामलों में सुधार आएगा। बैंकिंग सेक्टर में काम कर रहे लोग अपना टारगेट पूरा कर लेंगे।

**मिथुन राशि**: आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। अगर आप नया काम शुरू करना चाहते हैं, तो घर में बात करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको अपने प्रयासों और परिश्रम के उचित से परिणाम हासिल होंगे। नौकरी कर रहे लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार की जिम्मेदारी दे जा सकती है।

**कर्क राशि**: आज का दिन आपके शानदार रहने वाला है। आज आपके लिए व्यावसायिक मामलों में परिस्थितियों के अनुसार व्यवस्था बनाए रखना जरूरी होगा। अपने संपर्कों को और अधिक मजबूत करें, इससे अच्छे अनुबंध मिल सकते हैं। सरकारी दफ्तर में सेवारत लोगों को अपने काम के प्रति आज वफादार रहने की जरूरत है। आज पति-पत्नी के बीच उचित सामंजस्य रहेगा। बच्चों के लिए मनोरंजक प्रोग्राम भी बन सकता है।

**सिंह राशि**: आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर में माहौल खुशनुमा रहेगा। कुछ समय अपने लिए जरूर निकालें। आज व्यवसाय को लेकर की गई मेहनत आपकी तरक्की के द्वार खोलने वाली है। सहकर्मियों के साथ संबंध अच्छा रखें। पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में आपसी तालमेल में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं।

**कन्या राशि**: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई उम्दा होंगे। आज आपका का दिन प्रसन्नता और स्फूर्ति से भरा रहेगा। परिवार जनों के साथ किसी विशेष मुद्दे को लेकर सकारात्मक वार्तालाप भी होगा। आपकी योग्यता और काबिलीयत की समाज और रिश्तेदारों के बीच सराहना होगी।

**तुला राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे,। आज अपने व्यक्तिगत जीवन से जुड़ा फैसला लेने का अनुकूल समय है। आपकी निपुणता और योग्यता लोगों के सामने आएगी। लाभदायक समय बना हुआ है। आपके नेतृत्व में सोसाइटी संबंधित विशेष गतिविधि पूरी होगी। बच्चों की किसी उपलब्धि से आप गर्वित महसूस करेंगे। किसी भी तरह के निराशाजनक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दे।

**वृश्चिक राशि**: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अपने संपर्क बढ़ाने पर जोर देंगे यह आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज कुछ पुरानी समस्या का समाधान मिल जाने से मानसिक रूप से बहुत ही सुकून और राहत मिलेगी। विद्यार्थियों को भी अपने किसी उपलब्धि से आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी क्रिएटिविटी सराहनीय रहेगी।

**धनु राशि**: आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज किसी विशेष काम को लेकर किए गए प्रयासों का प्रतिफल आपको मिलने वाला हैं। उधार दिया हुआ अथवा फसा हुआ पैसा भी मिल सकता है। अध्ययनरत युवाओं को प्रोफेशनल पढ़ाई में उचित सफलता मिल सकती है। अगर घर परिवर्तन संबंधी योजना बना रहें हैं, तो आज उस पर अमल अवश्य करें।

**मकर राशि**: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा अवश्य बनाये। साथ ही नकारात्मक चीज़ों से अपने आपको बचाने की कोशिश करें। अगर मन में कोई भी समस्या चल रही है तो जीवनसाथी या अनुभवी लोगों से विचार विमर्श करने से जरूर समाधान मिलेगा।

**कुंभ राशि**: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यह यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप सक्रिय और सकारात्मक रहने तथा योजनाबद्ध तरीके से दिनचर्या व्यवस्थित करने में सफल रहेंगे। सामाजिक सेवार्थ में दिन का अधिकतर समय बीतेगा। साथ ही महत्वपूर्ण लोगों से लाभदायक संपर्क भी बनेंगे।

**मीन राशि**: आज आपका दिन बेहतरीन बीतने वाला है। कलात्मक कार्यों में आज आपकी रुचि बढ़ेगी। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है। आज नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज धार्मिक स्थलों की यात्रा जीवनसाथी के साथ जाने पर शुभ होगी।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव विश्लेषण

**सीए अखिलेश जैन**

धन्यवाद, पश्चिम बंगाल, धन्यवाद धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद ..... न केवल धन्यवाद, बारम्बार धन्यवाद, हार्दिक बधाइयाँ आपके दूरदृष्टिपूर्ण, साहसिक सुविचारित व स्पष्ट जनादेश के लिए, एक बार फिर से बधाई व धन्यवाद, वास्तव में पश्चिम बंगाल की माताओं, बहनों, बेटियों, मतदाताओं, कार्यकर्ताओं, चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने में जी-जान से जुटे शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों, न्याय का झण्डा बुलन्द कर लोकतंत्र को जड़ों को मजबूती प्रदान करने वाले ज्ञात/अज्ञात सभी महानुभावों, विशिष्ट जनों, दैवीय शक्तियों के साथ-साथ भारत के संविधान निर्माताओं को जिन्होंने सत्ता को असली चाबी मतदाताओं को सोंपी है। विवेकपूर्ण, साहासिक व दूरदृष्टिपूर्ण निर्णय कि जितनी भी प्रशंसा की जावे वो छोटी ही प्रतीत होती है। जब सत्ता की असली बागड़ोर संविधान निर्माताओं ने मतदाताओं को सौंपी है, तो जिस प्रकार हर अंधेरी रात की समय-सीमा समाप्ति के साथ-साथ सूर्योदय निश्चित है उसी प्रकार निरंकुश, अत्याचारी, भ्रष्टाचारी, दुराचारी, सनातन विरोधी, माताओं-बहनों -बेटियों, जो साक्षात् देवी रूप हैं, को सुरक्षा प्रदान करने में अक्षम, लोकतंत्र का उपहास उड़ाने वाली, देश की आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक प्रगति में बाधक सत्ता का अन्त होना भी सुनिश्चित ही था।



चुनाव प्रारम्भ होने की बेला से चुनाव आयोग की चुनाव सम्पन्न होने की अधिसूचना जारी होने तक का मतदाताओं, कार्यकर्ताओं का समीप से अध्ययन करने का अवसर प्राप्त हुआ, मतदाताओं, कार्यकर्ताओं की मानसिक स्थिति को पढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ। मतदाताओं, कार्यकर्ताओं से संवाद में चुनाव परिणामों की तस्वीर स्पष्ट परिलक्षित हो रही थी, ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे मतदान की तिथि तक का समय एक कल्प की तरह लम्बा लग रहा है। इतनी बेसब्री मतदान के लिए, 90% से अधिक का मतदान, ऐसा प्रतीत हो रहा है, जैसे मतदाताओं में मतदान की होड़ लग गई हो, देश-विदेश में बैठे पश्चिम बंगाल के मतदाता लाईन लगाकर, बेखौफ, मतदान के लिए जोश, जुनुन के साथ लाईन में लग गये, 40 डिग्री सेंटीग्रेट का तापमान पर महिलाओं ने शत-प्रतिशत मतदान का निर्णय कर लिया। चाहे शहर हो, देहात हो, छोटा सा गांव, कस्बा, सूदूर जंगल में छोटी सी बस्ती हो, हर जगह शत-प्रतिशत मतदान की होड़ लगी थी, अगर आप इस मतदान के जोश की भावनाओं को समझ सकें तो चुनाव परिणाम मतदान की लाईन देखने मात्र से ही स्पष्ट था। मतदाताओं में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के प्रति विद्रोह, आक्रोश की ज्वाला धधक रही थी, जो उन्होंने मतदान शत-प्रतिशत करने को ठान कर अपने अन्तर्मन की ज्वाला को शान्त करने का मार्ग बनाया। ऐसा क्यों?

**सत्तारूढ़ दल के प्रति इतना आक्रोश क्यो-** 2-3 विधायकों वाली पार्टी 77 विधायकों तक पहुंचती है, फिर सीधे 207 विधायकों पर पहुँचती है। ऐसी स्वीकार्यता में बढ़ोत्तरी क्यो?

राजनैतिक विश्लेशकों का उत्तर भी बहुत स्पष्ट है व बहुत आसान है -कि SIR के कारण 90 लाख से अधिक घुसपैठिये मतदान प्रक्रिया से बाहर हो गये, सनातन का विरोध कर ध्रुवीकरण करने के प्रयासों से आम मतदाता चिढ़ गया था, आतंक, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, गुण्डागर्दी, महिलाओं के प्रति अपराधों का बड़ता ग्राफ, बेरोजगारी, तुष्टीकरण व भविष्य अंधकारमय देख रहा था आम मतदाता। केंद्रीय बलों की उपस्थिति के कारण आम मतदाता वोट डालने का साहस कर पाया, इत्यादि, इत्यादि पर एक और अति महत्वपूर्ण तर्क भी मतदाताओं को शांत नहीं बैठने दे रहा था, वो था, ममता सरकार में पश्चिम बंगाल मोदी सरकार के विकसित भारत@ 2047 व 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की दौड़ में शामिल नहीं हो रहा था, और अगर सरकार न बदली होती तो पश्चिम बंगाल भविष्य में भारत के नक्शे पर गरीब, बीमारू व उन्नति के पैमाने पर मार्ग के किनारे पर दुखी, लाचार सा खड़ा मिलता, बच्चों का भविष्य क्या होता, बच्चों को रोजी-रोटी की तलाश में देशभर में भटकना पड़ता और बेरोजगारी दर बढ़ते ही अपराध चरम पर पहुँच जाता अर्थात राज्य का आर्थिक ढांचा चरमराते ही भविष्य अंधकारमय हो जावेगा। भारी निराशा हावी थी, एफडीआई पश्चिम बंगाल का रास्ता भूल चुका था। इंवेस्टमेंट ने पश्चिम बंगाल से अपना नाता तोड़ लिया था। देशी विदेशी पर्यटक, धार्मिक पर्यटन, राज्य से निर्यात, कृषि, औद्योगिक उत्पादन, शिक्षा, स्वास्थ्य, अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा सब हाँसिये पर जा चुका था। केन्द्रीय योजनाओं के लिए ममता सरकार दरवाजे बंद कर चुकी थी, इस प्रकार के प्रश्नों से न केवल पश्चिम बंगाल का नुकसान हो रहा था, बल्कि जिस तरह शरीर का कोई एक अंग बीमार हो जावे तो पूरा शरीर बीमार हो जाता है, उसी प्रकार देश के एक राज्य का प्रगति की दौड़ में पिछड़ना पूरे देश की प्रगति में घातक सिद्ध होता है।

इसी कारण पश्चिम बंगाल के मतदाता, कार्यकर्ता, माताऐं-बहनें-बेटियाँ बहुत आदर के पात्र हैं जिन्होंने समय रहते सटीक निर्णय कर राज्य की बागड़ोर श्री नरेन्द्र मोदी जी को सोंप कर न केवल पश्चिम बंगाल को बर्बादी से बचा लिया बल्कि विकसित भारत@ 2047 व 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए खुले दिल से अपना सहयोग, समर्थन व आशीर्वाद प्रदान किया। अब श्री नरेन्द्र मोदी जी की जिम्मेदारी इस विश्वास को पूरा करने के लिए और भी अधिक बड़ गई है। आने वाली राज्य सरकार को जनता की भावनाओं, अपेक्षाओं व विश्वास को केन्द्र मे रख कर बिना थके-बिना रुके चहुमुखी विकास के लिए अत्यधिक प्रयास करने होंगे।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसार:-9931408109 ईमेल:-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# टीवी पर डेब्यू करेंगे रोहित शर्मा, टीजर रिलीज होते ही फैंस में बढ़ी उत्सुकता

एजेंसी, मुंबई



भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अब टेलीविजन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। शुक्रवार को उनके टीवी डेब्यू का एक शानदार टीजर जारी किया गया, जिसमें 'हिटमैन' नए अंदाज में नजर आए। हालांकि शो का नाम और बाकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। बताया गया है कि इससे जुड़ी पूरी घोषणा जल्द ही सोनी ग्रुप कारपोरेशन के प्लेटफॉर्म पर की जाएगी।

इस समय रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2026 में खेल रहे हैं और शानदार फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अब तक पांच मैचों में 55.25 की औसत और 174 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 221 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84 रन रहा है। साल 2007 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले रोहित शर्मा आज भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े सितारों में गिने जाते हैं। उन्होंने अब तक 508 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 42.33 की औसत से 20,109 रन बनाए हैं। उनके नाम 50 शतक और 111 अर्धशतक दर्ज हैं। रोहित ने भारत को दो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और दो टी20 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाई है। इनमें से एक-एक खिताब उन्होंने कप्तान के रूप में दिलाया।

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित शर्मा भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 159 मैचों में 4,231 रन बनाए, जिसमें पांच शतक और 32 अर्धशतक शामिल हैं। 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद उन्होंने इस फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। रोहित का टेस्ट और वनडे रिकॉर्ड भी बेहद शानदार रहा है। उन्होंने 67 टेस्ट मैचों में 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक शामिल हैं। वहीं वनडे क्रिकेट में उनके नाम 282 मैचों में 11,577 रन दर्ज हैं। रोहित वनडे इतिहास के इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने तीन दोहरे शतक लगाए हैं। उनका 264 रन का व्यक्तिगत स्कोर आज भी वनडे क्रिकेट का सर्वोच्च स्कोर है।

आईपीएल में भी रोहित शर्मा का रिकॉर्ड शानदार रहा है। वह लीग इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 277 मैचों में 7,267 रन बनाए हैं। कप्तान के तौर पर उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच बार आईपीएल चैंपियन बनाया है। मैदान पर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के अलावा रोहित शर्मा अपने मजाकिया अंदाज और बेबाक टिप्पणियों के लिए भी काफी लोकप्रिय हैं। स्टंप माइक में रिकॉर्ड हुई उनकी कई बातें सोशल मीडिया पर वायरल होती रही हैं, जिसके चलते वह क्रिकेट के साथ-साथ 'मीम मटीरियल' के रूप में भी फैंस के बीच बेहद चर्चित रहते हैं।

## टीम इंडिया को मिलेगा नया स्पिन गुरु, सैराज बहुतुले जल्द संभाल सकते हैं बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की कोचिंग व्यवस्था में जल्द बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मुंबई के पूर्व लेग स्पिनर सैराज बहुतुले जल्द ही भारतीय टीम के साथ स्पिन बॉलिंग कोच के रूप में जुड़ सकते हैं। फिलहाल वह आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के स्पिन बॉलिंग कोच की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि मौजूदा सीजन खत्म होने के बाद वह फ्रेंचाइजी से अलग हो जाएंगे। बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक, बहुतुले ने अपने कोचिंग कौशल से भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को काफी प्रभावित किया है। दोनों के बीच इस भूमिका को लेकर सकारात्मक बातचीत हो चुकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि उनका कार्यकाल जून में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हो सकता है। 53 वर्षीय सैराज बहुतुले ने 2001 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मुकाबले खेले थे। हालांकि अंतरराष्ट्रीय करियर लंबा नहीं रहा, लेकिन घरेलू क्रिकेट और कोचिंग में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। खासतौर पर स्पिन गेंदबाजों के साथ उनके काम को काफी सराहा जाता है। यही वजह है कि गौतम गंभीर ने उन्हें टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ में शामिल करने की सिफारिश की है। वर्तमान में भारतीय टीम की कोचिंग यूनिट में बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक, तेज गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, फील्डिंग कोच टी. दिलीप और सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे शामिल हैं। अब तक टीम में कोई विशेषज्ञ स्पिन बॉलिंग कोच नहीं था, जिसे देखते हुए यह नियुक्ति अहम मानी जा रही है। बहुतुले इससे पहले भी भारतीय टीम के साथ काम कर चुके हैं। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से जुड़े रहे हैं, जहां वीवीएस लक्ष्मण के नेतृत्व में उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों के साथ काम किया। पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भी 2023 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उन्हें भारतीय टीम से जोड़ने की विशेष सिफारिश की थी। श्रीलंका दौरे पर भी वह सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं।

## वैभव टेस्ट क्रिकेट खेलने का भी प्रयास करें : पुजारा

एजेंसी, मुंबई



पूर्व टेस्ट क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने आईपीएल 2026 में अच्छे प्रदर्षन के लिए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। पुजारा ने हालांकि ये भी कहा कि वैभव को केवल टी20 प्रारुप तक सीमित न रहते हुए अवसर मिलने पर टेस्ट क्रिकेट खेलने का भी प्रयास करना चाहिये। पुजारा के अनुसार टेस्ट क्रिकेट में ही किसी खिलाड़ी के खेल कौशल की परीक्षा होती है। इसके अलवा लंबे प्रारुप में खेलकर वह खेल के प्रति सम्मान प्रकट कर सकते हैं। इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से वैभव अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनकर उभरे हैं। उन्होंने 10 पारियों में कुल 404 रन बनाए हैं, जिसके कारण प्रशंसकों और विशेषज्ञों द्वारा उन्हें जल्द से जल्द भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल करने की मांग तेज़ हो गई है। वहीं पुजारा ने कहा कि वैभव टी20 क्रिकेट में असाधारण प्रदर्शन कर रहे हैं और भविष्य में उन्हें भारतीय टीम में जगह मिलने की पूरी संभावना है पर अगर उनमें क्षमता है और उसे सही मौका मिलता है, तो उसे निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेलने का लक्ष्य रखना चाहिए। पुजारा ने ज़ोर देकर कहा कि टेस्ट प्रारूप ही खिलाड़ी में धैर्य, अद्वितीय कौशल और खेल के प्रति उस सम्मान को विकसित करता है, जिसकी हर युवा क्रिकेटर को आकांक्षा करनी चाहिए।

## कुलदीप के बचाव में उतरे मिलर, मैच विजेता खिलाड़ी बताया

**एजेंसी, नई दिल्ली** । दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने आईपीएल के इस सत्र में खराब फर्म के कारण आलोचनाओं के निशाने पर आये स्पिनर कुलदीप यादव का बचाव किया है। मिलर ने कहा कि कुलदीप एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं और टीम उनके रहने से बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होती है। मिलर के अनुसार सभी जानते हैं कि कुलदीप में कितनी क्षमता है, इसलिए किसी को भी उनपर सवाल नहीं उठाना चाहिये। साथ ही कहा कि कि हर खिलाड़ी के जीवन में खराब दौर आता है पर इसका ये मतलब नहीं है कि हम उसपर या उसकी प्रतिभा पर सवाल उठाने लगें। हालांकि यह सच है कि इस सीजन में कुलदीप अधिक विकेट नहीं ले पाये हैं। इस गेंदबाज ने इस 10.4 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए केवल 7 विकेट ही लिए है। सात में से पांच मैचों में उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। इसके बाद भी कुलदीप का भरोसा उनपर बरकरार है। । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कुलदीप हमेशा अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ते और हर मैच में अपना सौ फीसदी प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं। मिलर के अनुसार, ऐसे खिलाड़ी किसी भी समय मैच का रुख बदल सकते हैं।

## चेपॉक में धोनी की विदाई की अटकलों ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें

एजेंसी, नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का सीजन अपने अंतिम दौर में पहुंच रहा है, लेकिन इस बार क्रिकेट प्रेमियों की नजर सिर्फ मुकाबलों पर नहीं, बल्कि महेंद्र सिंह धोनी पर टिकी हुई है। चेन्नई सुपर किंग्स का 18 मई को चेपॉक स्टेडियम में होने वाला आखिरी लीग मुकाबला अब एक साधारण मैच नहीं रह गया है। फैंस के बीच लगातार यह चर्चा तेज हो रही है कि क्या यह पीली जर्सी में धोनी का आखिरी मुकाबला होगा।


चेन्नई का चेपॉक स्टेडियम हमेशा से महेंद्र सिंह धोनी और चेन्नई सुपर किंग्स की पहचान रहा है। यहां की पीली दीवारें, "धोनी-धोनी" के नारों से गूंजते स्टैंड और आखिरी ओवरों में माही का शांत अंदाज क्रिकेट इतिहास का अहम हिस्सा बन चुका है। अब जब टीम अपने घरेलू मैदान पर सीजन का अंतिम मुकाबला खेलने जा रही है, तो हर किसी के मन में एक ही सवाल उठ रहा है कि क्या धोनी यहीं अपने आईपीएल करियर को अलविदा कहेंगे।

दरअसल, साल 2021 में धोनी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह अपना आखिरी मुकाबला चेन्नई में खेलना चाहते हैं। तभी से हर सीजन में उनके संन्यास को लेकर अटकलें लगती रही हैं। हालांकि, धोनी हमेशा की तरह इस मुद्दे पर शांत और रहस्यमयी बने रहे। लेकिन इस बार चर्चाओं को इसलिए भी बल मिला है क्योंकि आईपीएल 2026 में उन्होंने अब तक एक भी मैच नहीं खेला है।

# बिजनेस

## पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई ने नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के 11 वर्ष किए पूरे

एजेंसी, नई दिल्ली




प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) ने देशभर में नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा कवर प्रदान करने के 11 साल पूरे कर लिए हैं। इनके तहत अब तक 58 करोड़ (पीएमएसबीवाई), 27 करोड़ (पीएमजेजेबीवाई) और 9 करोड़ (एपीवाई) लोगों का नामांकन हो चुका है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि इन योजनाओं की परिकल्पना सभी को विशेष रूप से समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को किफायती वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। ये जन सुरक्षा योजनाएं 9 मई 2015 को शुरू की गई थीं, जो करोड़ों नागरिकों को बीमा और पेंशन का कवच प्रदान कर रही हैं। भारत सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल इन तीनों प्रमुख योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों को जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करके और दीर्घकालिक वित्तीय सुदृढ़ता को बढ़ावा देकर, बीमा और पेंशन के दायरे का विस्तार करना है। ये तीनों सरकारी सहायता प्राप्त कार्यक्रम जीवन बीमा, दुर्घटना कवरेज और रिटायरमेंट पेंशन की सुविधा देते हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन योजनाओं के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कम लागत पर बीमा और पेंशन लाभ प्रदान करने के लिए 'जन सुरक्षा' योजनाओं की शुरुआत की थी, जिनमें पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 27 करोड़ से ज्यादा, पीएम सुरक्षा बीमा योजना में 58 करोड़ और अटल पेंशन योजना के तहत 9 करोड़ नामांकन किए गए हैं। सीतारमण ने कहा कि पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत 10.7 लाख से ज़्यादा परिवारों के लिए 21 हजार 500 करोड़ रुपये से ज्यादा के दावों का निपटारा किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि पीएमएसबीवाई के तहत 1.84 लाख से ज़्यादा परिवारों के लगभग 3,660 करोड़ रुपये के क्लेम का निपटारा किया गया है। सीतारमण ने सभी हितधारकों की सराहना की जिनमें बैंकों और बीमा कंपनियों के फील्ड अधिकारी भी शामिल हैं, जिनके समर्पित प्रयासों से ये योजनाएं इतनी सफल हो पाई हैं।

## क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन, जी. सर्जीवियर और होटल पोलो टावर्स सहित 3 कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली



क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड, जी. सर्जीवियर लिमिटेड और होटल पोलो टावर्स सहित 3 कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के जरिए पूंजी जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है। पूंजी बाजार नियामक से शुक्रवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य जिन कंपनियों को मंजूरी मिली है, उनमें क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड, जी. सर्जीवियर लिमिटेड और होटल पोलो टावर्स शामिल है। इन सभी कंपनियों ने अक्टूबर से फरवरी के बीच अपने आईपीओ लाने के लिए प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए थे और उन्हें 4 से आठ मई के बीच सेबी की टिप्पणियां प्राप्त हुईं। सेबी की भाषा में टिप्पणियां मिलना सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी है। नई दिल्ली स्थित क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाज़ार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 17 दिसंबर 2025 को सेबी के पास अपने आईपीओ के दस्तावेज जमा किए थे। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन का यह आईपीओ 600 करोड़ रुपये तक का एक नया इश्यू है और प्रमोटरों नंद किशोर अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल और कोमल अग्रवाल द्वारा 7,405,387 शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव है। अन्य विक्रेता निवेशक शेयरधारक इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन और आईएफसी इमर्जिंग एशिया फंड, एलपी हैं।

1994 में स्थापित यह कंपनी एक फसल समाधान कंपनी है, जिसके मुख्य उत्पादों में एग्रोकेमिकल्स और बीज शामिल हैं। इसके अलावा विविध पोर्टफोलियो में फसल सुरक्षा के लिए उत्पाद, जैसे खरपतवारनाशक, फफूंदीनाशक, कीटनाशक और प्राकृतिक फसल समाधान, जैसे बायो-स्टिमुलेंट्स, बायो-प्रोटेक्टेंट्स, पौधों के विकास नियामक, तरल उर्वरक और सूक्ष्म पोषक तत्व शामिल हैं। साथ ही इसमें खेत की फसलें, सब्ज़ियों की फसलें और फूलों के बीज भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश स्थित जी. सर्जीवियर लिमिटेड कंपनी को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 30 दिसंबर 2025 को सेबी के पास अपने आईपीओ के दस्तावेज जमा किए थे। पूंजी बाजार नियामक से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आईपीओ 370 करोड़ रुपये तक का एक नया इश्यू है और प्रमोटर घनश्याम दास अग्रवाल द्वारा 370 करोड़ रुपये तक की बिक्री का प्रस्ताव है। यह कंपनी सर्जिकल उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के डिजाइन, विकास और निर्माण में लगी हुई है, जिसमें डिस्पोजेबल ड्रेप्स और ड्रेसिंग के साथ-साथ मेडिकल इम्प्लांटेबल डिवाइस जैसे हाइड्रोसेफ़लस शंट और ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट शामिल हैं। कोलकाता स्थित होटल पोलो टावर्स को पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है।

## वैश्विक अंतरिक्ष परिवर्तन में भारत सबसे आगेः निधि खरे

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत वैश्विक अंतरिक्ष बदलाव में सबसे आगे है और अंतरिक्ष उद्योग में नवाचार तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी के एक प्रमुख केंद्र के रूप में लगातार उभर रहा है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'अंतरिक्ष प्रणालियों और संचालन' पर आयोजित बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने मानकों को आगे बढ़ाने में वैश्विक सहयोग के महत्व और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष मानक इकोसिस्टम को आकार देने में भारत की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "भारत के लिए इस बैठक की मेजबानी करना अत्यंत गौरव का विषय है क्योंकि हम वैश्विक अंतरिक्ष परिवर्तन के अग्रणी के रूप में खड़े हैं।" निधि खरे ने कहा कि महत्वपूर्ण सुधारों और आईएन-एसपीएसीई की स्थापना के माध्यम से भारत सरकार ने उभरते हुए अंतरिक्ष केंद्र की नींव रखी है, जहां स्टार्टअप और स्थापित उद्योग समान रूप से फल-फूल सकते हैं। इस तरह के वैश्विक सहयोग और विशेषज्ञता द्वारा विकसित मानक मानवता के लिए अंतरिक्ष को सुरक्षित, सतत और समावेशी बनाने में मदद करेंगे। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक संजय गर्ग ने अंतरिक्ष क्षेत्र में गुणवत्ता, सुरक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने में मानकीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बीआईएस अंतरिक्ष उद्योग की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय मानकों को अंतरराष्ट्रीय ढांचों के अनुरूप बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर

एजेंसी, नई दिल्ली



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 01 मई को समाप्त हफ्ते के दौरान 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर रहा। इससे पहले 24 अप्रैल को समाप्त हफ्ते के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.82 अरब डॉलर घटकर 698.49 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 01 मई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.79 अरब डॉलर घटकर 551.82 अरब डॉलर रही। आरबीआई ने कहा कि इस दौरान उसके स्वर्ण भंडार का मूल्य 5.02 अरब डॉलर घटकर 115.22 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.79 अरब डॉलर हो गए। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.86 अरब डॉलर रहा। उल्लेखनीय है कि इस साल 27 फरवरी को समाप्त हफ्ते के दौरान पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

## भारत विमानों को पट्टे पर देने में एक प्रमुख केंद्र बनने का इच्छुकः राममोहन नायडू

एजेंसी, नई दिल्ली/गांधी नगर



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि भारत गिफ्ट सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी) के इकोसिस्टम का लाभ उठाते हुए विमान लीजिंग और फाइनेंसिंग के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में तेजी से अपनी जगह बना रहा है। केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने गांधीनगर में 'इंडिया एयरक्राफ्ट लीजिंग एंड फाइनेंसिंग समिट 2.0' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत विमानों को पट्टे पर देने वाले वैश्विक लीजिंग केंद्रों से प्रतिस्पर्धा करने के बजाय उनके पूरक के रूप में काम करते हुए मजबूत घरेलू परिवेश विकसित करने पर ध्यान दे रहा है।

नायडू ने गिफ्ट सिटी में आयोजित 'इंडिया एयरक्राफ्ट लीजिंग एंड फाइनेंसिंग समिट 2.0' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का विमानन क्षेत्र तेज रफ्तार से बढ़ रहा है, यह न केवल देश बल्कि आसपास के क्षेत्र को भी सक्षम बना सकता है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का लक्ष्य आयरलैंड, सिंगापुर और दुबई जैसे स्थापित केंद्रों के साथ सीधे तौर पर मुकाबला करने के बजाय, उनका पूरक बनना है। उन्होंने कहा, 'वैश्विक विमान पट्टा बाजार, खासकर भारत से जुड़े हिस्से का आकार इतना बड़ा है कि दुनिया की कई निजी कंपनियां इसका हिस्सा बन सकती हैं।

# फिल्म बंदर का टीजर जारी डेटिंग ऐप के चक्कर में घनचक्कर बने बॉबी देओल





अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म बंदर का टीजर जारी हो गया है। इसमें मुख्य किरदार निभा रहे बॉबी देओल का बिल्कुल अलग अवतार देखने को मिला है, जो पहले कभी नहीं दिखा। इसका वर्ल्ड प्रीमियर प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में हुआ था, जहां फिल्म ने वैश्विक स्तार पर तारीफें बटोरी थीं। जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म 5 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

फिल्म का टीजर 1 मिनट 22 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत बॉबी से होती है। चमकीले कपड़े और चश्मा लगाकर वह एक क्लब में एंट्री करते हैं और गिटार की धुन पर सबको नचाते हैं। कहानी मोड़ लेती है, जब वह डेटिंग ऐप के झमेले में फंसकर बंदर, यानी मूर्ख बन जाते हैं। उन्हें जेल जाना पड़ता है। कुल मिलाकर कहानी फर्जी डेटिंग ऐप के आसपास घूमती है। सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी भी फिल्म का हिस्सा हैं। अनुराग कश्यप के निर्देशन में तैयार यह फिल्म आधुनिक भारत के मी टू आंदोलन के बाद उपजे पेचीदा हालातों और उसके सामाजिक-कानूनी परिणामों की पड़ताल करती है। कहानी का केंद्र समर है, जो कभी टेलीविजन का चमकता सितारा हुआ करता था, लेकिन अब उसका करियर पतन की ओर है। तनाव तब बढ़ता है जब समर की पूर्व प्रेमिका गायत्री उन पर बलात्कार जैसा गंभीर आरोप लगा देती है। यह कानूनी कार्रवाई तब होती है जब समर उससे सारे रिश्ते खत्म कर लेता है। इसके बाद शुरू होता है समर की गिरफ्तारी और कानूनी दांव-पेंचों का एक ऐसा अंतहीन सिलसिला, जहाँ व्यवस्था का लक्ष्य न्याय करना नहीं, बल्कि उसे कुचलना प्रतीत होता है। यह फिल्म सत्ता के बेजा इस्तेमाल, सिस्टम के भीतर फैले भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलताओं को बेहद तीखे और बेबाक अंदाज में पेश करने का दावा करती है। बंदर की कहानी को और भी मजबूती देती है इसकी राइटिंग टीम। इसे सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी की मशहूर जोड़ी ने लिखा है, जो पाताल लोक, कोहरा और उड़ता पंजाब जैसी सघन कहानियों के लिए जाने जाते हैं। उनकी लेखनी और अनुराग कश्यप के डायरेक्शन का मेल फिल्म में एक अलग तरह की इंटेंसिटी पैदा कर रहा है। टीज़र की लय जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, सस्पेंस और पागलपन का ग्राफ तेजी से ऊपर जाता है, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देता है कि आखिर बंदर की असली बिसात क्या है।

फिल्म में केवल बॉबी देओल ही नहीं, बल्कि कलाकारों की एक पूरी फौज है जो अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर है। सान्या मल्होत्रा, राज बी शेट्टी, सपना पब्बी, सबा आज़ाद और जितेंद्र जोशी जैसे सितारों की मौजूदगी इसे एक पावर-पैक प्रोजेक्ट बनाती है। निखिल द्विवेदी की सैफरन मैजिकवर्क्स द्वारा निर्मित और जी स्टूडियोज के सहयोग से बनी यह फिल्म 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। एनिमल की सफलता के बाद बॉबी देओल को इस बिल्कुल नए और अतरंगी अवतार में देखना उनके फैंस के लिए किसी बड़े सरप्राइज से कम नहीं होने वाला है।

## मानुषी छिल्लर के साथ हिमेश रेशमिया जमाएंगे रंग, शराब का फर्स्ट लुक आउट



मशहूर गायक और संगीतकार हिमेश रेशमिया एक बार फिर अपने प्रशंसकों के लिए नया गाना शराब लेकर आ रहे हैं। यह एक हाई-एनर्जी ट्रैक है, जिसका फर्स्ट लुक गायक ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इस गाने की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें पहली बार हिमेश रेशमिया और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर नजर आने वाली हैं। इस जोड़ी को एक साथ पर्दे पर देखना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक अनुभव होने वाला है। इस म्यूजिक वीडियो का निर्देशन और कोरियोग्राफी मशहूर जोड़ी पीयूष और शाजिया ने की है, जो अपने अनोखे डांस स्टेप्स के लिए जाने जाते हैं। गाने को खुद हिमेश रेशमिया ने गाया है, लेकिन इस बार संगीत की कमान रजत नागपाल ने संभाली है। गाने के बोल राणा सोतल ने लिखे हैं, जिनसे उम्मीद की जा रही है कि वे युवाओं की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। हिमेश रेशमिया ने इंस्टाग्राम पर गाने का पोस्टर शेयर कर लिखा, जय माता दी। चलो धमाल मचाते हैं। एक बार सुनना काफी नहीं होगा। शराब के लिए बने रहें। टीजर सिर्फ यूट्यूब चैनल पर आएगा। गाने के पोस्टर का फर्स्ट लुक आते ही फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। हाई-एनर्जी गानों के लिए मशहूर हिमेश और ग्लैमरस मानुषी छिल्लर की केमिस्ट्री इस गाने में कैसी दिखेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह एक स्टाइलिश और बड़े स्तर पर फिल्माया गया म्यूजिक वीडियो होगा। हिमेश रेशमिया के नॉन-फिल्मी एल्बमों ने भारतीय संगीत जगत पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। उनके एल्बम आप का सुरूर की कथित तौर पर 55 मिलियन से ज्यादा कॉपियां बिकीं, जिससे यह दुनिया का सबसे ज्यादा बिकने वाला नॉन-फिल्मी एल्बम बन गया। यह सिर्फ थ्रिलर के बाद दूसरे नंबर पर है। फिलहाल, हिमेश सलमान खान की बहुचर्चित वॉर ड्रामा फिल्म मातृभूमि : मे वॉर रेस्ट इन पीस के संगीत पर काम करने में व्यस्त हैं।

## संजय दत्त की फिल्म आखिरी सवाल को मिली नई रिलीज तारीख, आज आएगा ट्रेलर

संजय दत्त की फिल्म आखिरी सवाल लंबे समय से चर्चा में है। पिछले महीने निर्देशक अभिजीत मोहन वारंग ने फिल्म की रिलीज तारीख बताई थी, जो 8 मई थी। हालांकि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी न मिलने के कारण न तो फिल्म तय समय पर रिलीज होने के लिए तैयार थी और न इसका ट्रेलर आ सका। हालांकि अब रिलीज का रास्ता साफ हो गया है। निर्माताओं ने नई तारीख के साथ ट्रेलर पर भी अपडेट दिया है। आखिरी सवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 साल के सफर और इतिहास पर आधारित है। यह महात्मा गांधी की हत्या के बाद आरएसएस पर लगे बैन और बाबरी मस्जिद विध्वंस जैसी घटनाओं पर सवाल उठाती है। संजय इसमें प्रोफेसर गोपाल नाडकर्णी की भूमिका में हैं। उनके साथ अमित साध, समीरा रेड्डी और नीतू चंद्रा जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म अब 15 मई को हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी, जबकि ट्रेलर 8 मई को आएगा। मेकर्स ने फिल्म की पूरी स्टार कास्ट को दिखाते हुए एक शानदार नया पोस्टर जारी किया है और आधिकारिक तौर पर फिल्म की भव्य सिनेमाई रिलीज की तारीख 15 मई 2026 घोषित कर दी है। एक्साइटमेंट को और बढ़ाते हुए, फिल्म का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर कल रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे दर्शकों को आखिरकार फिल्म की विस्तृत झलक देखने को मिलेगी।




## उर्वशी रौतेला की वापसी से और दमदार होगा इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2, बोलीं- इस किरदार ने मुझे भीतर तक बदल दिया



क्राइम और सस्पेंस से भरपूर वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश एक बार फिर दर्शकों के बीच लौटने जा रही है। मेकर्स ने इसके दूसरे सीजन का ऐलान कर दिया है और इस बार कहानी पहले से ज्यादा रोमांच से भरी होगी। सीरीज में एक बार फिर उर्वशी रौतेला अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। वह इस रोल को अपने करियर के सबसे खास किरदारों में से एक मानती हैं। उर्वशी रौतेला ने कहा, मेरे लिए इंस्पेक्टर अविनाश सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सफर रहा है। मेरा किरदार असली जिंदगी से प्रेरित है, इसलिए इसे मैंने जिम्मेदारी के साथ निभाने की कोशिश की है। निर्देशक नीरज पाठक की लिखी स्क्रिप्ट ने मुझपर काफी प्रभाव डाला है। जैसे ही मैंने कहानी पढ़ी, मुझे महसूस हुआ कि यह किरदार सिर्फ अभिनय करने का मौका नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, सीरीज का दूसरा सीजन अपराध और पुलिस की दुनिया को गहराई से दिखाएगा। हालांकि, इस बार कहानी सिर्फ अपराध और जांच तक सीमित नहीं रहेगी। इसमें उन परिवारों की जिंदगी को भी दिखाया जाएगा, जो पुलिस अधिकारियों के साथ हर मुश्किल दौर में खड़े रहते हैं। मेरा किरदार इसी भावनात्मक पक्ष को सामने लाएगा। सीरीज यह दिखाने की कोशिश करेगी कि एक पुलिस अधिकारी की नौकरी सिर्फ उसी इंसान को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करती है। उनके परिवारों को भी डर, तनाव और त्याग के साथ जीना पड़ता है। अपने किरदार को असली बनाने के लिए उर्वशी ने काफी मेहनत की। उन्होंने बताया, तैयारी के दौरान मैं असली इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा की पत्नी से मिलीं। मुझे उनकी सादगी, धैर्य और मानसिक मजबूती ने काफी प्रभावित किया। उनके साथ समय बिताने के बाद मुझे समझ आया कि पुलिस अधिकारी की पत्नी होना कितना मुश्किल होता है। बाहर से यह जिंदगी सामान्य दिख सकती है, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत संघर्ष और चिंता छिपी होती है। इसी अनुभव ने मुझे अपने किरदार को और बेहतर तरीके से समझने में मदद की। उर्वशी ने कहा, मैंने इस किरदार के लिए करीब दो साल तक तैयारी की। छोटी-छोटी आदतों और व्यवहार को समझने की कोशिश की। बोलने का तरीका, बॉडी लैंग्वेज, चलने का अंदाज और यहां तक कि साड़ी पहनने के तरीके तक पर भी ध्यान दिया। मैं चाहती हूं कि दर्शकों को मेरा किरदार पूरी तरह असली लगे। उन्होंने कहा, यह किरदार मेरे पिछले सभी किरदारों से काफी अलग है और यही बात मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है। मैं हमेशा से ऐसे किरदार निभाना चाहती थीं जिनमें भावनात्मक गहराई हो।

## ध्यान को अपने फिटनेस रूटीन का हिस्सा बनाएं

ध्यान एक पुरानी तकनीक है, जो मानसिक और शारीरिक सेहत को सुधारने में मदद करती है। यह न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि शरीर को भी तंदुरुस्त रखता है। ध्यान से आप अपनी मानसिक एकाग्रता बढ़ा सकते हैं और आत्म-जागरूकता को भी बढ़ा सकते हैं। आइए जानते हैं कि ध्यान को फिटनेस रूटीन का हिस्सा बनाकर आप क्या-क्या लाभ उठा सकते हैं।



ध्यान करने से दिमाग की गतिविधियां शांत होती हैं, जिससे तनाव का स्तर कम होता है। जब आप नियमित रूप से ध्यान करते हैं, तो आपकी मानसिक स्थिति बेहतर होती है और आप रोजमर्रा की चुनौतियों का सामना आसानी से कर पाते हैं। इससे न केवल आपका मन शांत रहता है, बल्कि आप अधिक सकारात्मक भी महसूस करते हैं। ध्यान से आपकी सोचने की क्षमता भी बढ़ती है और आप अधिक स्पष्टता से सोच पाते हैं।

ध्यान करने से नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है। यह आपको गहरी नींद लेने में मदद करता है, जिससे आप सुबह तरोताजा महसूस करते हैं। नियमित ध्यान करने वाले लोग जल्दी सो जाते हैं और उनकी नींद भी अच्छी आती है। इससे आपका दिन ऊर्जा से भरपूर रहता है और आप अधिक सक्रिय महसूस करते हैं। इसके अलावा ध्यान से आपकी मानसिक शांति भी बढ़ती है, जो नींद को और भी बेहतर बनाती है। ध्यान करने से शरीर के दर्द में भी राहत मिल सकती है। यह मांसपेशियों की जकड़न को कम करता है और रक्त के प्रवाह को बढ़ावा देता है। इससे दर्द में कमी आती है और शरीर में हल्कापन महसूस होता है। नियमित रूप से ध्यान करने से शरीर का लचीलापन भी बढ़ती है, जिससे दैनिक गतिविधियों में आसानी होती है। इसके अलावा ध्यान से मानसिक शांति भी मिलती है, जो दर्द को और भी कम करती है। ध्यान करने से एकाग्रता बढ़ती है, जिससे कामकाज में अधिक उत्पादकता मिलती है। यह आपको लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है और किसी भी कार्य को बेहतर तरीके से पूरा करने की क्षमता देता है। नियमित रूप से ध्यान करने से मानसिक स्पष्टता भी बढ़ती है, जिससे आप अपने काम में अधिक कुशल बनते हैं। इसके अलावा ध्यान से आपकी सोचने की क्षमता भी बेहतर होती है, जिससे आप समस्याओं का समाधान आसानी से पा सकते हैं। ध्यान करने से आत्म-जागरूकता बढ़ती है, जिससे आप अपने विचारों और भावनाओं को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। यह आपको अपनी कमजोरियों और ताकतों को पहचानने में मदद करता है। नियमित रूप से ध्यान करने से आत्म-नियंत्रण भी बढ़ता है, जिससे आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इसके अलावा ध्यान से मानसिक शांति भी मिलती है, जो आत्म-जागरूकता को और भी बढ़ाती है। इससे आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है।

# Vijay set to become TN Chief Minister, swearing in on Sunday

**Chennai:** Actor-turned-politician and Tamilaga Vettri Kazhagam (TVK) chief C. Joseph Vijay was on Saturday formally invited by Governor-in-charge Rajendra Vishwanath Arlekar to form the next government in Tamil Nadu after proving majority support in the Assembly.

The development followed a high-level meeting between Vijay and the Governor at Lok Bhavan in Chennai, where the TVK leader submitted documents confirming the support of several opposition parties backing his claim to power.

Soon after the meeting, Raj Bhavan issued an official press release announcing that Vijay had been appointed Chief Minister-designate of Tamil Nadu. The statement also confirmed that he had been asked to seek a floor test in the



Assembly on or before May 13.

The Governor further announced that the swearing-in ceremony of the new government would take place at the Jawaharlal Nehru Indoor Stadium in Chennai at 10 a.m. on Sunday.

With the backing of alliance partners, Vijay comfortably crossed the majority mark of 118 in the 234-member Tamil Nadu Assembly. The TVK-led formation now has the support of 120 MLAs, including 107 from TVK, five from the Congress, and two each from CPI, CPI(M), VCK, and IUML.

Tamil Nadu went to the polls on April 23 in a single-phase election that witnessed a fierce four-cornered contest involving the DMK, AIADMK alliance, Naam Tamilar Katchi (NTK), and Vijay's TVK.

The results, declared on May 4, saw TVK emerge as the single-largest party with 108 seats. However, after Vijay chose to retain only one of the two constituencies he had won, the party's effective strength came down to 107.

Following the election verdict, intense political activity unfolded in Chennai, with TVK holding discussions with several parties to secure support for government formation. Celebrations broke out among TVK workers across the state after the Governor's announcement confirming Vijay's appointment as Chief Minister-designate.

## Congress defers Kerala CM decision , high command to take final call



**Thiruvananthapuram Agency:** The Congress leadership on Saturday concluded a crucial round of discussions in New Delhi to decide the next Chief Minister of Kerala following the United Democratic Front's emphatic victory in the 2026 Assembly elections. However, no final decision was announced after the meeting, with party leaders indicating that the Congress high command would take the final call after further consultations.

The high-level meeting was held at the residence of Congress president Mallikarjun Kharge and lasted for several hours. Senior leaders Rahul Gandhi, V.D. Satheesan, K.C. Venugopal, Ramesh Chennithala, and Kerala Pradesh Congress Committee (KPCC) president Sunny Joseph attended the discussions. AICC observers Mukul Wasnik and Ajay Maken, who had earlier submitted their assessment report on the post-election situation in Kerala, were also part of the deliberations.

The meeting comes six days after the UDF secured a sweeping mandate in the Kerala Assembly elections, ending the Left Democratic Front's decade-long rule in the state. Since the declaration of results, intense speculation has been underway over who would lead the new government, with the names of V.D. Satheesan, Ramesh Chennithala, and K.C. Venugopal being widely discussed in political circles.

Addressing the media after the meeting, senior Congress leaders appealed to party workers and supporters to maintain discipline and avoid any public displays of factional rivalry. They specifically urged cadres not to organise demonstrations, celebratory marches, or put up flex boards backing individual leaders for the Chief Minister's post.

The Congress leadership stressed that the party remains united and that the interests of the UDF government and the people of Kerala would be the top priority while selecting the next Chief Minister.



## Illegal CCTV cameras found at railway gate of Sarai station in Bihar

**Patna, Agency:** A case of illegal installation of CCTV cameras at Sampar gate No. 43 at Sarai railway station in Vaishali district under Samastipur railway division of Bihar has come to light. The incident has caused panic in the railway administration and the RPF (Railway Protection Force).

According to the application filed by the station superintendent, Station Superintendent Manoj Kumar Singh, posted at Sarai railway station, said that Santosh Kumar, gateman on duty at Sampar gate No. 43 SPL at around 2 pm on May 7, informed that two unidentified persons installed a CCTV camera.

On receiving the information, the station superintendent informed RPF Principal Constable Avdhesh Ram, who was on camping duty at Sarai. The two then arrived at the scene, where they observed a solar plate and small camera mounted at a height of approximately 10 feet on the west pole of the height gauge.

Considering the seriousness of the matter, Sub-Inspector Bipin Kumar of RPF OP Bhagwanpur conducted an inquiry from the concerned departments. Investigation confirmed that the camera was installed illegally without the permission of the railway.

Thereafter, on May 08 at about 12:15 p.m., the said device was seized in the presence of witnesses. The seized items included a solar stand camera, which was equipped with Active Pixel ID, IMEI number, Jio SIM and 32 GB micro SD card. Also recovered was a small solar panel approximately 10×6 inches.

On the whole matter, Railway SP Veena Kumari told Hindustan Samachar that an investigation is being conducted on the basis of the application received.

## Social security schemes have brought confidence and dignity to the lives of millions: Modi




NEW DELHI: Prime Minister Narendra Modi has said that the central government's social security schemes, including the Atal Pension Yojana, have played an important role in ensuring dignity, trust and financial security in the lives of millions of people.

The Prime Minister said on social media platform X on Saturday that 11 years ago, on this day, the National Democratic Alliance (NDA) government launched major social security and pension schemes. These schemes reflect the government's commitment to bring dignity, assurance and economic security to the lives of the countrymen.

"This series shows that the Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana and Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana have had a positive impact on the ground," the Prime Minister said.

He said that the Atal Pension Scheme has proved to be extremely beneficial for many people and has helped them to live a more secure life in old age.

## Kolkata Police Unfollow Mamata, Abhishek Banerjee on X After Suvendu Adhikari Takes Oath as CM

**Kolkata:** The official X account of Kolkata Police on Saturday unfollowed former Chief Minister Mamata Banerjee and Abhishek Banerjee shortly after Suvendu Adhikari was sworn in as the Chief Minister of West Bengal.

At the same time, the list of accounts followed by Kolkata Police included Prime Minister Narendra Modi, Chief Minister Suvendu Adhikari, the Prime Minister's Office, Union Home Minister Amit Shah and his office.

The development came days after the results of the West Bengal Assembly elections were declared on May 4, in which the Bharatiya Janata Party secured 207 seats to form the government in the state for the first time.

Suvendu Adhikari, who won from the Nandigram and Bhabanipur Assembly constituencies, took oath as the ninth Chief Minister of West Bengal at a grand ceremony held at the Brigade Parade Ground.

The swearing-in ceremony was attended by Prime Minister Narendra Modi, Amit Shah, Defence Minister Rajnath Singh, several Union ministers,



chief ministers of BJP-ruled states and BJP national president Nitin Nabin.

Amid the political transition, the social media activity of Kolkata Police drew attention. As of Saturday afternoon, the official X account of Kolkata Police was following 42 accounts, excluding those of Mamata Banerjee and Abhishek Banerjee.

Meanwhile, Mamata Banerjee's X handle and Facebook page reportedly identified her as the Chief Minister of West Bengal till around noon on Saturday. However, following Adhikari's swearing-in ceremony, the designation was removed and changed to only "Mamata Banerjee".

Along with Suvendu Adhikari, five ministers also took oath as part of the first BJP cabinet in West Bengal. Their portfolios are expected to be announced later.After the swearing-in ceremony, Chief Minister Suvendu Adhikari visited Jorasanko Thakur Bari to pay tribute to Nobel Laureate Rabindranath Tagore on his birth anniversary.

## The big clean-up drive will run along 11,000 km of coastline for "Clean Sea,

New Delhi: Union Minister Jitendra Singh on Saturday reviewed in detail the preparations for the "Clean Sea, Safe Sea" 2026 campaign and the upcoming India International Science Festival. The meeting decided that the "Clean Sea, Safe Sea" 2026 campaign will be conducted across the country from September 12 to 19 and will conclude on the occasion of International Coastal Cleanliness Day. The expedition will cover India's 11,098 km long coastline.



The Ministry of Science and Technology informed that ministries of central and state governments as well as scientific institutes, district administrations, Indian Coast Guard, NCC, NSS, NGOs and local communities will jointly participate in the campaign. The government plans to push it forward as a "people's movement".

The meeting was informed that the campaign will focus on cleaning up marine debris, protecting coastal areas and strengthening marine ecosystems. For this, scientific monitoring as well as public participation will be increased.

A review of previous years' progress showed that more than 150 tonnes of marine litter had been documented during the 2025 campaign. Digital platforms such as the "Sea App" are being used to enhance citizen participation, making it easier to monitor and report waste in coastal areas.

Union Minister Dr. Jitendra Singh said that the campaign is playing an important role in advancing the blue economy vision of Prime Minister Narendra Modi.


# Four more 'wild buffaloes' released in Kanha Tiger Reserve in Madhya Pradesh, bringing the number to eight

Bhopal, May 09 (IANS) After nearly a century, the return of the 'wild buffalo' to Madhya Pradesh's Kanha Tiger Reserve has added a new chapter in the history of wildlife conservation. The number of 'wild buffaloes' in Kanha has now risen to eight after four more 'wild buffaloes' brought from Kaziranga were released in the

*** Second phase of 'Wild Buffalo' rehabilitation program successfully conducted, four more 'Wild Buffalo' brought from Kaziranga**

Supakhar area.

Public Relations Officer K.K. Principal Chief Conservator of Forests (Wildlife) Samita Rajora and Additional Principal Chief Conservator of Forests (Wildlife) L.K. Krishnamurthy successfully released 4 more wild buffaloes in a specially constructed enclosure. Director Kanha Tiger Reserve Ravindra Mani Tripathi, Deputy Director (Core) Prakash Verma, Deputy Director



(Buffer) Amitha KB, all Assistant Directors, Zonal Officers and local forest staff were present on the occasion.

In fact, the state chief minister, Dr. Under the guidance of Mohan Yadav, the Forest Department is conducting special campaigns for biodiversity conservation and rehabilitation of endangered species. Under this, 'wild buffaloes' from the famous Kaziranga Tiger Reserve in Assam are being rehabilitated in the Supakhar area of ??Kanha. Supakhar is the area where historically there has been evidence of the presence of wild buffalo.

In the first phase of the project, 4 'wild buffaloes' (1 male and 3 females) will be distributed on 28 April Yadav had freed them in a special enclosure at Supakhar. With the arrival of four more wild buffaloes in the second phase, their number in Kanha has increased to eight. The project will be further expanded in future phases. This will develop a sustainable and healthy population of wild buffaloes in the state.

He said that a long distance of about 2,220 km from Kaziranga Tiger Reserve to Kanha Tiger Reserve was covered by special wildlife transport vehicles. A team of two specialist wildlife doctors conducted constant health checks and monitoring during the trip. The Assistant Director and Circuit Officer led the entire operation. The operation lasted about 72 hours.

Notably, the 'wild buffalo' is an important part of the Indian wildlife heritage, as well as playing a vital role in the balance of the forest ecosystem. The return of the 'wild buffalo' will further enrich the biodiversity of the Kanha region and enable the project to establish itself as a successful model of wildlife rehabilitation in the country. Madhya Pradesh has made a name for itself for campaigns like tiger, cheetah and vulture conservation. The 'Wild Buffalo' restoration campaign leads to another historic achievement in the field of wildlife conservation.

## Punjab Boxing Player Dies of Drug Overdose in Mansa



Chandigarh, Agency: A 20-year-old boxing player died due to a suspected drug overdose in Punjab's Mansa district, raising fresh concerns over the growing drug menace in the state. The incident comes even as the Punjab government continues its anti-drug campaign, "Yudh Nashian Virudh" (War Against Drugs).

According to reports, the deceased, Navdeep Singh, had represented the state and participated in several national-level boxing competitions, winning multiple medals. His sudden death has left his family and local residents in shock. Navdeep's father, Jaspal Singh, said his son was the only brother of two sisters. He shared that he worked as a labourer to support Navdeep's boxing career, hoping that his son would one day become successful and support the family.